www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

देशबन्धु

वर्ष – 34 I अंक – 306 I भोपाल, रविवार 5 नवम्बर 2023 I पृष्ठ–8 I मूल्य – 3.00 रुपए

प्रधानमंत्री ने रतलाम की चुनावी सभा में विपक्ष पर साधा निशाना, कहा-

कांग्रेस के नेताओं के बीच वर्चस्व की लड़ाई

भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच घमासान मचा हुआ है, लेकिन यह तो सिर्फ ट्रेलर है, कांग्रेस की असली पिक्चर तो चुनाव परिणाम के बाद सामने आएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों नेताओं के बीच इस बात की लड़ाई है कि किसका बेटा मध्यप्रदेश कांग्रेस पर काबिज होगा।

श्री मोदी ने आज रतलाम में चुनावी सभा के साथ राज्य में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने रतलाम, धार और उज्जैन के 9 विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास विकास की सोच नहीं है। कांग्रेस के नेता फिल्मी हैं, उनके डायलॉग भी फिल्मी हैं, घोषणाएं भी फिल्मी है। जब किरदार फिल्मी है तो सीन भी फिल्मी होगा। कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने की प्रतियोगिता चल रही है। इसके पहले श्री मोदी ने सभा की शुरूआत में रतलामी सेव की तारीफ की और कहा कि 3 दिसंबर को जब भाजपा सरकार की वापसी का जश्न मनेगा तो लड्डू के साथ रतलामी सेव भी खूब खाए जाएंगे। श्री मोदी ने दावा किया कि भाजपा के समर्थन में आंधी चल रही है, जो लोग दिल्ली में बैठ कर गुणा भाग करते हैं, उनका हिसाब आज बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि अब चर्चा केवल इस बात की होगी कि भाजपा दो तिहाई से बहुमत से आएगी या उससे कम ■ शेष पृष्ठ 2 पर

शिवराज ने लोगों से पूछा-

भाजपा ने जितना विकास किया, क्या कांग्रेस ने कभी किया था ?

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान, सम्मान और स्थान सारी दुनिया में बढ़ा है। उनका नेतृत्व पाकर हम सचमुच धन्य हैं। श्री चौहान ने कहा कि मोदी जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश के विकास में और जनता के कल्याण में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है। बीते सालों में हमने बेहतर सरकार चलाने की कोशिश की है। आप ही बताएं, हमारी सरकार ने विकास के जितने काम किए हैं, क्या कभी कांग्रेस ने किए थे? गरीबों के, बहन-बेटियों के कल्याण के लिए जितनी योजनाएं भाजपा की सरकार ने बनाई हैं, क्या कभी कांग्रेस की सरकार ने बनाई थी? बीते सालों में जिस तरह से हमने प्रदेश में सरकार चलाई, क्या कभी कांग्रेस ने चलाई थी? अगर आप इसे मानते हैं, तो इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलना चाहिए और प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कटंगी और शहपुर की सभाओं में मोदी सरकार को घेरा, लगाया आरोप

भाजपा जांच एजेंसियों के सहारे चुनाव जीतना चाहती है

भोपाल/बालाघाट, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ईडी और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का सहारा लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दबाना चाहते हैं चुनाव जीतना चाहते हैं। वे आज बालाघाट जिले के कटंगी और मंडलवा जिले के शहपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सभा को संबोधित किया।

श्री खड़गे ने कहा कि मैं भी आप से यही कहना चाहता हूं कि आज आपको किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है। महात्मा गांधी जी के मंत्र 'डरो नहीं' से ही ब्रिटिश शासन को भारत से भागने का काम हम सभी ने किया था और इस भाजपा सरकार को लगता है कि यह कांग्रेसी डर जाएंगे तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में है। श्री खड़गे ने जीत का दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हर हालत में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों और मजदूरों और समाज में दबे कुचले लोगों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस लगातार जीतती रही है, मुझे आप सभी में कांग्रेस का डटकर समर्थन करने वाला स्वाभिमान दिख रहा है और मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिस मनरेगा के बारे में मोदी जी संसद में कह रहे थे कि यह कांग्रेस की विफलताओं का जीता जागता उदाहरण है वही मनरेगा कोविड के समय में उनकी सरकार में सबसे ज्यादा काम आया।

उन्होंने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हम महिलाओं के लिए 15 सौ रुपये महीने देने का विशेष काम करेंगे, युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे, किसानों को 25 सौ धान और 26 सौ रुपये गेहूं के लिए समर्थन मूल्य देंगे। श्री खड़गे ने सवाल किया कि भाजपा ने क्या कोई देश में बहुत बड़ा काम किया? क्या इन्होंने प्रदेश में कोई कारखाने लगाने का काम किया? क्या इन्होंने कोई बड़े स्कूल या बड़े इंस्टीट्यूट बनाने का काम किया? वहीं भारत की आजादी से लेकर अभी तक कांग्रेस ने, स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जी ने, स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी, स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने, स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने इस देश के लिए सबसे ज्यादा काम किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश में 225 महीने की भाजपा सरकार ने 250 से ज्यादा घोटाले करने का काम किया है और 1 लाख 50 हजार करोड़ से ज्यादा का भ्रष्टाचार मप्र में किया है। उन्होंने भाजपा पर बड़े उद्योगपतियों की हितैषी होने और उन्हें लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। इस दौरान श्री खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र भी किया।

श्री खड़गे ने मतदाताओं से सावधानीपूर्वक सोच समझकर वोट करने की अपील मंच से की। सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सम्बोधित किया और भाजपा पर तीखा हमला बोला।

नेपाल में भूकंप से मरने वाली की संख्या 157 हुई

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, अब तक 157 लोग मारे जा चुके हैं। सैकड़ों घरों के नुकसान की भी खबर है। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं आया है। भूकंप का केंद्र काठमांडू से 331 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 10 किमी जमीन के नीचे था। जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले में भूकंप का असर सबसे ज्यादा देखा गया। यहां अब तक 105 और 38 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हालात का जायजा लेने जाजरकोट पहुंच चुके हैं। नेपाल की सरकार ने दोनों जगहों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए लगभग 6 करोड़ 30 लाख नेपाली रुपए का फंड जारी किया है। इसमें पश्चिम रुकुम और जाजरकोट को 3-3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। भूकंप का असर भारत में भी देखने को मिला। दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार की राजधानी पटना में झटके महसूस किए गए। हालांकि भारत में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में भी असर रहा

ओबीसी कार्ड पर राहुल ने मोदी को घेरा, बोले-

जब एक ही जाति तो खुद को ओबीसी बताने की क्या जरूरत

जगदलपुर, देशबन्धु। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीब की एक ही जाति होने के बयान पर उन्हे आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब एक ही जाति गरीब की है तो फिर मोदी को हर जनसभा में अपने को ओबीसी कहने की क्या जरूरत है। श्री गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि..मोदी ने आज कहा कि एक ही जाति गरीब की है, यानी दलित ,पिछड़े आदिवासी नहीं है। क्या आदिवासी संस्कृति, इतिहास नहीं है। दलितों का फिर क्यों अपमान होता है और ओबीसी को क्यों उनका हक नहीं मिलता..। सिर्फ एक ही जाति है तो फिर श्री मोदी को क्यों बार बार हर जनसभा में अपने को ओबीसी कहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मोदी भाजपा और संघ की सोच आदिवासी विरोधी है, और वह आदिवासियों को वनवासी कहकर उनका अपमान करते है।

उन्होंने कहा कि उनकी सोच में आदिवासी मतलब जंगल में जानवरों जैसा रहने वाला वनवासी है। वह आदिवासियों से जानवरों जैसा व्यवहार करना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा के एक नेता द्वारा मध्यप्रदेश में एक आदिवासी पर पेशाब करने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सोच आदिवासियों के लिए अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासी मतलब जिनके पास एक दिन जल,जंगल और जमीन थी और उसके मालिक थे। भाजपा की सोच इसके विपरीत है,अगर वह सत्ता में लौटी तो आदिवासी अपने मूल हक से वंचित हो जाएंगे। श्री गांधी ने ट्राइबल बिल,पेसा कानून,जमीन अधिग्रहण कानून जैसे आदिवसियों के हित में कांग्रेस सरकारों द्वारा लिए गए अहम निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने प्रावधान किया कि आदिवासी इलाकों में बगैर ग्रामसभा की सहमति के जमीने नही ली जा सकती। उन्होंने कहा कि यह कानून ही नहीं बनाए बल्कि इसे लागू भी किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मोदी के परम मित्र अडानी की लौह अयस्क की खदान को यहां की कांग्रेस सरकार ने इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि आदिवासी इसके विरोध में थे। उसके लिए आदिवासियों की राय की बहुत अहमियत है।

एक कार्यक्रम में बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

विधायिका अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती

- संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं न्यायाधीश
- न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर हैं संरचनात्मक बाधाएं
- अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है विधायिका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है, लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है। उन्होंने कहा, 'इसकी एक सीमा है कि

न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है : प्रधान न्यायाधीश

अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।'

72 हजार मुकदमों का समाधान किया

सीजेआई ने कहा, 'विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है।' उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं, न कि सामाजिक नैतिकता को। इस साल कम से कम 72 हजार मुकदमों का समाधान किया है और अभी डेढ़ महीना बाकी है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी।

2 मोटर साइकिलों की टक्कर से सड़क पर गिरे 4 युवकों को ट्रक ने रौंदा, 3 की मौत

भोपाल, देशबन्धु। गोविंदुपरा औद्योगिक क्षेत्र में बीती रात को दो मोटर साइकिल आमने-सामने टकरा गईं। इसकी वजह से दोनों गाड़ियों समेत उन पर सवार चारों लोग सड़क पर गिर गए। इसी दौरान एक तेज रफ्तार से आ रहा अज्ञात ट्रक चारों को रौंदते हुए आगे निकल गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अस्पताल में भर्ती उनके साथी की हालत नाजुक बनी हुई है। अब पुलिस सीसीटीवी की तस्वीरें खंगालकर ट्रक और उसके चालक के बारे में सुराग जुटा रही है।

अशोका गार्डन थाना पुलिस के मुताबिक निजामुद्दीन कालोनी निवासी 26 वर्षीय हसमुद्दीन पुत्र नूर अंसारी मूलत: झारखंड का रहने वाला था। वह झारखंड के रहने वाले अपने साथी 19 वर्षीय अमजद खान, 19 वर्षीय हसन अंसारी और 20 वर्षीय परवेज के साथ गोविंदपरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित यश अग्रवाल की फर्नीचर फैक्ट्री में काम करता था। रोजाना की तरह हसमुद्दीन, अमजद, हसन और परवेज रात का ड्यूटी पूरी कर दो अलग-अलग मोटर साइकिल से घर जाने के लिए निकले थे। रात करीब साढ़े 11 बजे औद्योगिक क्षेत्र स्थित शराब दुकान के पास उनकी मोटर साइकिल आमने-सामने टकरा गईं। इससे उन पर सवार चारों सड़क पर गिर पड़े। उसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने चारों को कुचल दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पास की फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों ने सभी को एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। वहां चेक करने के बाद चिकित्सक ने अमजद और हसमुद्दीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि हसन की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घायल परवेज की हालत भी गंभीर बनी हुई है। गोविंदपुर थाना प्रभारी पाठक ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के आसपास के अलावा औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी की तस्वीरों को खंगालते हुए फैक्ट्री के कर्मचारियों को कुचलकर भागे ट्रक के बारे में सुराग जुटा रही है।

2 महीने पहले ही भोपाल आया था हसन

हसन के जीजा जावर अंसारी ने बताया कि हसन दो महीने पहले ही भोपाल में काम के लिए आया था। वहीं हसमुद्दीन की डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। उसका चार महीने का एक बच्चा है। तीनों शव एक एंबुलेंस से झारखंड के लिए रवाना किए गए।

शिक्षक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

भोपाल, देशबन्धु। सूखी नेपानिया इलाके में संचालित शासकीय एकीकृत शाला में शुक्रवार को एक शिक्षक ने छटवीं कक्षा की छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे छात्रा के गुप्तांग में भी चोटें आई हैं। मारपीट से डरी सहमी छात्रा ने स्कूल जाने से मना कर दिया। परिजनों ने वजह पूछी तो घटना का पता चला इसके बाद अभिभावकों ने गांव वालों को बताया कि शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के पास इसकी शिकायत की।

छात्रा के अभिभावकों ने बताया कि वे खेत पर मजदूरी का काम करते हैं। बेटी छटवीं कक्षा में पढ़ती है। उसे शुक्रवार को नश में धुत शिक्षक संतोष अहिरवार ने बेरहमी से पीटा। इससे बच्ची के गुप्तांग पर भी चोटें आई। इससे डरी सहमी बच्ची शनिवार को जब स्कूल नहीं गई तो हमने वजह पूछी। तब उसने रोते हुए बताया कि स्कूल में शिक्षक लंबे समय से पिटाई करते आ रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने स्कूल में इतना मारा कि अब मैं स्कूल नहीं जाना चाहती हूं। बेटी की यह बात सुनने के बाद अभिभावक बच्ची के साथ पढ़ने वाले बच्चों के घर पहुंचे। जहां बच्चों ने बताया कि शिक्षक शराब पीकर स्कूल आते हैं। अभद्र व्यवहार करते हैं। इसके बाद उन्होंने स्कूल प्रधान अध्यापक और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीटने के बारे में जानकारी नहीं: प्रधानाध्यापक

इस मामले में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को मेरी ड्यूटी राज्य शिक्षा सर्वे में लगी थी। ऐसे में बच्ची को पीटने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि शनिवार को बच्ची के अभिभावकों ने गांव वालों ने शिकायत की। इस पर शिक्षक संतोष अहिरवार से कहा है कि वे आगे से ऐसा नहीं करें। भविष्य में ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए।

जांच समिति गठित

उधर जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने बताया किअभिभावकों ने मामले में शिकायत की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दो प्राचार्यों की एक जांच समिति बनाई है। समिति का प्रतिवेदन आने के बाद दोषी शिक्षक पर कार्यवाही होगी।

वर्चस्व को लेकर 2 बदमाशों के गुर्गे भिड़े, 1 गंभीर

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी में शनिवार देर रात शाम दो कुख्यात बदमाशो के गुर्गों के बीच सरेराह मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दानों तरफ से धारदार हरियारों से हमले किए गए। इसमें एक बदमाश गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं सरे राह हुई इस घटना से अफरा तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के कुख्यात बदमाश जुबेरे मौलाना और पप्पू चटका गिरोह के बीच वर्चस्व को लेकर लंबे समय से लड़ाई चल रही है। इसी के चलते शनिवार शाम जुबेर मौलाना के आधा दर्जन ज्यादा गुर्गे दो पहिया वाहनों पर सवार होकर पप्पू चटका के गुर्गों पर हमला करने रोशनपुरा चौराहे पर आए थे। यहां इन्हें पता चला कि पप्पू के लोग बाणगंगा चौराहे पर है तो वे वहां पहुंच गए। इस पर यहां दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। चूंकि पप्पू के गुर्गे ज्यादा संख्या में थे लिहाजा वे भारी पड़े तो जुबेर के गुर्गे भाग खड़े हुए। लेकिन एक बदमाश पप्पू के लोगों के हत्थे चढ़ गया। इस पर उन्होंने उस पर हमला कर दिया और उसके बेदम होने तक राड़, डंडे और चाकू-छुरी से उस पर हमला करते रहे। सरेराह हुई इस घटना से अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुचने पर पप्पू के लोग फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया। देर रात तक पुलिस घटना की पुष्टि तो कर रही थी, लेकिन ज्यादा कुछ बोलने से बच रही थी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस के नेताओं के बीच.... से। उन्होंने कांग्रेस पर झूठी घोषणाएं करने का आरोप लगाया और कहा कि 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस की हकीकत सामने आ जाएगी। मध्यप्रदेश की जीत के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान का क्या हाल कर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का मतलब हजारों करोड़ के घोटाले, अपराधियों का बोलबाला, गरीबों से विश्वासघात दलितों पर अत्याचार और राज्य को बीमार बनाने की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के कांग्रेस के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री पद की कुर्सी के लिए ही लड़ रहे हैं, कांग्रेस केवल परिवारवाद का परचम लहरा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार से बाहर देख नहीं सकती। पार्टी ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के खिलाफ भाजपा के ही एक पुराने नेता को उतार दिया और दिखा दिया कि आदिवासियों को रोकने के लिए पार्टी किस हद तक जा सकती है। श्री मोदी ने कहा कि देश में गरीबों को 3 साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इस योजना की अवधि दिसंबर में पूरी हो रही थी, लेकिन अब आने वाले 5 साल के लिए इसे बढ़ाया जाएगा।

श्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे की बदौलत रोजगार बढ़ेंगे। अब ये अहम व्यापारिक केंद्र बनेगा। यह भाजपा ही है, जिसने मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास किया और इसे आधुनिक शिक्षा का हब बनाया। इसलिए प्रदेश के लोग भाजपा पर अटूट विश्वास करते हैं। आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, लेकिन प्रदेश का भाजपा पर भरोसा तब से है, जब देश में भाजपा को बहुत कम लोग जानते थे।

पेट्रोल पंप के कर्मचारी पर जानलेवा हमला

भोपाल, देशबन्धु। एमपी नगर जोन-दो स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार रात पेट्रोल भरवाने पहुंचे युवक ने आनलाइन भुगतान करने को लेकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी के सिर पर राड से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस नेआरोपी को हिरासत में ले लिया है।

एमपी नगर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम बरसेता जिला रीवा निवासी 23 वर्षीय चेतन पुत्र शिव शंकर प्रसाद मिश्रा एमपी नगर जोन-दो स्थित बीपीसीएल के पेट्रोल पंप पर कर्मचारी है। शुक्रवार रात वह अपने साथी श्रीनिवास पटेल के साथ पंप पर वाहनों में पेट्रोल भर रहा था। ताहिर अथर नाम का युवक मोटर साइकिल में पेट्रोल भरवाने पहुंचा था। पेट्रोल भरवाने के बाद मुगतान की बारी आई तो श्रीनिवास ने कहा कि अभी आनलाइन पेमेंट नहीं हो रहा है, स्वेप मशीन में कार्ड से पेमेंट हो जाएगा। इसलिए थोड़ा इंतजार करो। यह सुनते ही मोटर साइकिल सवार श्रीनिवास पटेल पर नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। श्रीनिवास ने उसे फिर इंतजार करने को कहा तो भड़क गया उसने पास ही रखी लोहे की राड से श्रीनिवास के सिर और चेहरे पर हमला कर दिया। इससे श्रीनिवास के सिर व नाक में गंभीर चोट आई। साथी कर्मचारियों ने घायल श्रीनिवास को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ताहिर अथर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

एटीएम कार्ड बदलकर लगाई 54 हजार रुपये की चपत

भोपाल, देशबन्धु। शाहपुरा थाना इलाके में सांची पार्लर संचालक अपने पिता का एटीएम कार्ड लेकर पैसा निकालने पहुंचा था। जहां पर पहले से मौजूद दो अनजान लोगों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। उसके बाद कार्ड से दूसरे स्थान पर जाकर पांच बार में 54 हजार रुपये खाते से निकाल लिए। शाहपुरा थाना पुलिस के मुताबिक जी-3/530 गुलमोहर कालोनी निवासी 31 वर्षीय अंकित पुत्र ओम प्रकाश बाथम इलाके में सांची पार्लर चलाता है। 30 अक्टूबर की दोपहर करीब एक बजे वह अपने पिता ओम प्रकाश का एटीएम कार्ड लेकर श्वेता काम्प्लेक्स मंदिर के पास स्थित एसबीआइ के एटीएम पर पहुंचा था। जहां पहले से दो अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे। अंकित जब मशीन में एटीएम कार्ड लगाकर रुपये निकाल रहा था, तभी उन जालसाजों ने धोखे से मशीन में लगा उसका कार्ड बदल लिया। इसके बाद वे वहां से चले गए। उधर अंकित ने जब दोबारा रुपये निकालने का प्रयास किया तो पता चला कि वह उसके पिता का एटीएम कार्ड नहीं है। धोखा होने का संदेह होने पर वह सीधे संबंधित बैंक पहुंचा। इससे पहले कि वह एटीएम कार्ड को बंद करा पाता, आरोपियों ने तीन बार में 34 हजार रुपये आनलाइन दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए और फिर दो बार में 10-10 हजार रुपये खाते से निकाल लिए।

आरकेडीएफ समूह ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधान सभा के लिए 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में बढ़चढ़कर भाग लेने और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने आरकेडीएफ समूह ने अध्यक्ष डॉ.सुनील कपूर, कुलाधिपति साधना कपूर और एमडी सिद्धार्थ कपूर के मार्गदर्शन में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया । रैली को कलेक्टर आशीष सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋषुराज और कुलपति डॉ. विजय अग्रवाल ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली में 5 हज़ार से अधिक लोग शामिल हुए। 2 किलोमीटर लंबे रैली में एक हज़ार से अधिक वाहन शामिल थे।

इस अवसर पर कलेक्टर आशीष सिंह ने रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाते हुए आह्वान किया कि अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए देश और प्रदेश के विकास के लिए अच्छे जनप्रतिनिधियों का चयन करें। पिछले चुनाव में भोपाल का वोटिंग प्रतिशत महज 65 प्रतिशत था जिसे सौ प्रतिशत करते हुए हमें इस कसौटी पर खरा उतरना है। कुलपति प्रो विज्य अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के इस महा पर्व में हम नागरिकों के जनजागरण के लिए यह प्रयास कर रहे इसमें एन सी सी और एन एस एस के स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे। जिला पंचायत सीईओ ऋषुराज ने कहा कि इस चुनाव में हमारा पूरा फोकस युवाओं पर है। युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हमने कॉलेजों में लिटरेसी क्लब शुरू किए हैं।

रैली आरकेडीएफ केम्पस गांधीनगर से प्रारंभ होकर अब्बास नगर, लालघाटी, रॉयल मार्किट, हमीदिया रोड, पीएचक्यू ,न्यू मार्केट, मैनिट चौराहा सुभाष स्कूल, रानी कमलापति स्टेशन होशंगाबाद रोड़ से होते हुए 11 मील तिराहे पर सम्पन्न हुई। रैली में आरकेडीएफ समूह से संबंधित एसआरके यूनिवर्सिटी, भाभा विश्व विद्यालय सत्य साईं विश्व विद्यालय आरकेडीएफ मेडिकल कालेज, सत्य साईं ऑटोमोबाइल्स और अन्य संस्थानों से अनेक शिक्षाविद शामिल थे जिनमें प्रो आर पी एस चौहान, कुलपति श्रीमती रुचि चौबे, सी ई ओ प्रसाद पिल्लई, प्रियंका जायसवाल, डॉ सुनील पाटिल, कुलसचिव डॉ श्याम पाटकर, डॉ एन के लारिया, डीन डॉ नीलेश दिवाकर, डॉ एस एस पवार, श्री योगराज सिंह, जुनेद अली, डॉ निमिष मेहता, डॉ रत्नेश जैन, कोलार परिसर से डॉ अनूप सिंह, डॉ राहुल सिंह , डॉ सुहेल अहमद शामिल हैं।

खटीक समाज ने दिया राकेश रुस्तम को समर्थन

दिमनी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

मुरैना, देशबन्धु। बहुजन समाज पार्टी से मुरैना विधानसभा क्रमांक 6 से प्रत्याशी राकेश रुस्तम सिंह का प्रचार अभियान जोर पकड़ता जा रहा है और शुक्रवार को खटीक समाज ने बसपा प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का संकल्प लिया।खटीक समाज के अध्यक्ष राजू खटीक एवं नगर परिषद बनमौर के पूर्व अध्यक्ष चिरोंजी खटीक के मार्गदर्शन में समस्त खटीक समाज बनमोर ने एक राय होकर बहुजन समाज पार्टी मुरैना के प्रत्याशी राकेश रुस्तमसिंह को समर्थन व्यक्त करते हुए चुनाव में पूर्ण ताकत से जीताने की बात कही। इसके बाद पूर्व मंत्री रुस्तमसिंह ने बसपा प्रत्याशी के समर्थन में मुरैना विधानसभा के ग्राम पराशर की तिवारिया, कुतवार, नाका, नरसिंहपुर, डांग का पुरा, बिसैठा, बसेरी का पूरा, बिचोला इत्यादि में सघन जनसंपर्क किया। पूर्व मंत्री ने बाद में शाम को मुरैना नगर स्थित ट्रंच रोड, यादव कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 में बसपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मुरैना में जो विकास कार्य किए हैं, जनता भली भांति जानती है और उसी के आधार पर हम वोट मांगने आए हैं। विदित हो कि शुक्रवार को जिले की दिमनी विधानसभा क्षेत्र के रथोल का पुरा में ऐदल सिंह गुर्जर की हत्या कर दी गई इसके पश्चात शनिवार को मुरैना विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी राकेश रुस्तम सिंह शोक संवेदना व्यक्त करने मृतक परिवार के निवास पर पहुंचे और कहा कि दु:ख की इस घड़ी में वह उनके एवं परिवार के साथ हैं।

न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

एलबीएस कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

सिरोंज, देशबन्धु। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लीगल एड क्लिनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीशों द्वारा स्टाफ एवं विद्यार्थियों को विधि संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर न्यायाधीश अंकिता जैन ने रोड सेफ्टी से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए आगाह किया कि बिना लाइसेंस एवं बिना बीमा के गाड़ी चलाने पर आने वाली समस्याओं एवं सजा के बारे में अवगत कराया। वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश अपूर्वा ताम्रकार ने छात्राओं एवं अवयस्क बालकों पर होने वाले दुराचार के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को सचेत किया। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम जी ने फौजदारी एवं दीवानी मुकदमा के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए दान एवं वसीयत के बारे में बहुत ही सटीक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। क्रेता के साथ बिल के अनुसार सामग्री प्राप्त नहीं होने पर उपभोक्ता फोरम में जाने की सलाह दी। इसके साथ ही भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी विधानसभा निर्वाचन में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कल्पना पंचोली ने किया। आभार लीगल एड क्लिनिक प्रभारी प्रोफेसर महेश भाबोर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद्र परमार, वरिष्ठ प्राध्यापक एस आर तिवारी,डॉक्टर आर के वाखला, प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम,संजय वर्मा, राहुल गौर ,पैरालीगल वालंटियर रामबाबू कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

मप्र घोटालों का प्रदेश बन गया है: कन्हैया

कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर के समर्थन में की चुनावी सभा

मुरैना, देशबन्धु। शनिवार की शाम हुई की मंडी में मुरैना विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6 से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे कन्हैया कुमार ने कहा कि जो लोग सत्ता में केंद्र में बैठे हुए हैं वह अंग्रेजों की राह पर चलने वाले हैं ऐसे लोगों से देश बचाने की जवाबदारी जनता की है। देश में महंगाई, बेरोजगारी, अत्याचार चरम पर है तो वही मध्य प्रदेश घोटालों का प्रदेश बन गया है। अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार को जिताएं। उन्होंने केंद्र की अग्नि वीर योजना पर सवाल उठाया और कहा कि पीएम और मुख्यमंत्री 5 वर्ष के लिए चुने जाते हैं, लेकिन हमारे नौजवान जो सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, उनको 4 साल में ही रिटायर कर दिया जाएगा, यह कौन सा गणित है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गरीब किसान का बेटा, जिसने 30 वर्षों तक नि:स्वार्थ भाव से जनता की सेवा की है। ऐसा प्रत्याशी आपके सामने हैं और वचन निभाने वाली कांग्रेस है, जो कहती है वह करके दिखाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के 18 वर्ष के कार्यकाल में विकास को लेकर सवाल उठाया और कहा कि भाजपा को विकास दिख रहा है, लेकिन जनता को पता क्यों नहीं चल रहा, फिर पोस्टर लगाने की आवश्यकता क्या है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होगी। बेरोजगारों की भर्तियां निकाली जाएगी, महिलाओं को 500 रूपए में सिलेंडर मिलेगा और अन्य जो वादे कमलनाथ ने अपने संकल्प पत्र में किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे ही रोजगार नहीं है और भर्ती निकलती हैं तो उनमें भी घोटाले कर दिए जाते हैं। मध्य प्रदेश घोटाला प्रदेश बन गया है और युवा भटक रहा है। कन्हैया कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तमाम बड़े-बड़े उद्योगपति देश का रुपया लेकर विदेश में भाग गए, उन पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन देश का किसान 2 लाख का ट्रैक्टर बैंक से ले ले तो उसके यहां वसूली के लिए पहुंच जाते हैं। देश में आज 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी है और महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, जिससे लोगों को घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने आम जनता अपील की के संविधान बचाने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस के एक-एक विधायक को चुनकर कमलनाथ के हाथ मजबूत करें।

कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर सभी वर्गों के हितों के लिए काम किया जाएगा और कमलनाथ ने अपने संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लिए वायदे किए हैं। आम जनता से अपील की के वह गरीब किसान के बेटे हैं और सभी लोग दिनेश गुर्जर बनकर इस बार कांग्रेस को विजय दिलाए, आपका यह बेटा भाई 17 नवंबर के बाद आपकी सेवा में निस्वार्थ भाव से तत्पर रहेगा।

प्रारुप सी-1

अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल)सं. 536 पब्लिक इंटेरेस्ट फाउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता:- **पुष्पराज सिंह पटेल**
निवासी-सरदार वार्ड, तहसील-सोहागपुर-138, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.

राजनैतिक दल का नाम:- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखे)

निर्वाचन का नाम:- **तहसील-सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र क्रं. -138 जिला नर्मदापुरम, म.प्र.**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- **सोहागपुर-138**

मैं **पुष्पराज सिंह पटेल** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना के लिए अपने आपराधिक पूर्ववत के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

क्रमांक	न्यायालय का नाम	प्रकरण संख्या	प्रकरण की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1	JMFC सोहागपुर	275/18	विचाराधीन	धारा 505 (I) भा.द.वि. अन्य धारा 67 IT ACT अपशब्द बोलना
2	JMFC नर्मदापुरम	176/21	विचाराधीन	188, 269, IPC 51 आपदा प्रबंधन अधि./ शासकीय आदेश उल्लंघन
3	JMFC पिपरिया	104/21	विचाराधीन	188 भा.द.वि. 51 आपदा प्रबंधन अधिनियम/ शासकीय आदेश उल्लंघन
4	JMFC पिपरिया	79/21	विचाराधीन	धारा 186, 506, 509 भा.द. वि./ शासकीय सेवक को अपशब्द
5	JMFC पिपरिया	112/21	विचाराधीन	294, 32, 506, 34 भा.द.वि./ गाली गलोच करना

दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ)	कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण	लगाया गया अधिकतम दंड	
JMFC सोहागपुर दिनांक 20.09.2022	1500/- रु. अर्थदण्ड	1500/- रु. अर्थदण्ड	

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

पुष्पराज पटेल
हस्ताक्षर- प्रत्याशी

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

देशबन्धु

वर्ष – 34 I अंक – 306 I भोपाल, रविवार 5 नवम्बर 2023 I पृष्ठ–8 I मूल्य – 3.00 रुपए

चुनावी सभाओं में बोले अमित शाह

कमलनाथ सरकार आई तो योजनाएं बंद कर देगी

भोपाल, देशबन्धु। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यदि कमलनाथ सरकार आई तो समस्त योजनाएं बदं कर देगी। वह आज प्रदेश के दौरे पर थे, उन्होंने यहां ग्वालियर संभाग क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी विधानसभा की करैरा और पिछोर विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को सम्बोधित किया। सभा को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने की सम्बोधित किया।

केन्द्रीय मंत्री कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक दिखे, उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आई तो लाड़ली बहना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं बंद हो जाएंगी। भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य जिसने बनाया, उस डबल इंजन सरकार को चालू रखने के लिए वोट देना है, क्योंकि भाजपा ने सबके कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को शासन मिलता है तो वो अपना घर भरने का काम करती है, भाजपा विकास करती है।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने श्री कमलनाथ से सवाल किया कि जब वे 2002 में प्रदेश छोड़ कर गए थे तो यहां का बजट कितना था और अब कितना है। उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों की गिनती भी कराई।

उन्होंने कहा कि दलितों और आदिवासियों के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने लगातार बजट बढ़वाया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने उनके पिछले कार्यकाल में उन्होंने कमीशनखोरी, स्थानंतरण और भ्रष्टाचार जैसे उद्योग राज्य में स्थापित कराए। शिवराज सिंह चौहान सरकार की 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाएं बंद कर दीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए स कि कमलनाथ आ गए तो लाड़ली बहना योजना भी बंद होगी और किसानों को मिलने वाली 12 हजार रुपए की राशि भी बंद हो जाएगी। उन्होंने भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और दंगाईयों को समर्थन करने का आरोप भी लगाए।

श्री शाह ने आरोप कि कांग्रेस विकास विरोधी है और तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करती आ रही है। किसानों के संबंध में उन्होंने किसानों के संबंध में कहा कि आज प्रदेश मं भाजपा की सरकार में 93 लाख किसानों को 12 हजार रुपए मिल रहे हैं। वहीं 63 लाख लोगों को नल जल योजना का लाभ मिला। इसी प्रकार 3 करोड़ 70 लाख लोगों को 5 लाख का इलाज कराने की सुविधा मिली। 82 लाख महिलाएं उज्जवला योजना से लाभांवित हुईं।

गठबंधन को लेकर खड़गे ने खत्म की नीतीश की नाराजगी!

- खड़गे ने नीतीश से की बात, गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता जताई
- चुनाव बाद गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी कांग्रेस पार्टी

नई दिल्ली, देशबन्धु। इंडिया गठबंधन को लेकर नीतीश कुमार के नाराजगी वाले बयान के बाद कांग्रेस फिर से सक्रिय हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हालात को संभालने के लिए नीतीश से बात की और गठबंधन को लेकर पूरी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही भरोसा दिया कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद कांग्रेस सहयोगियों से बात कर गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों का कहना है कि खड़गे ने फोन पर नीतीश कुमार से बात कर उनकी नाराजगी खत्म करने की कोशिश की और गठबंधन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।

इंडिया गठबंधन बनने से पहले नीतीश कुमार ने ही पूरे देश में ममता बनर्जी से लेकर शरद पवार, स्टालिन, अरविंद केजरीवाल,अखिलेश यादव सहित तमाम क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को साधने की पहल की थी। लेकिन हाल के दिनों में गठबंधन आगे बढ़ाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं के बीच आपसी विचार-विमर्श का सिलसिला भी ठप पड़ा हुआ है। जिसके चलते नीतीश कुमार नाराज बताए जा रहे हैं और शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 'भाजपा हटाओ,देश बचाओ' रैली में कांग्रेस को कोसकर उन्होंने इसका इजहार भी कर दिया। उनका कहना था कि सभी विपक्षी नेता कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन में आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को गठबंधन की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में व्यस्त है और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए कोई चर्चा नहीं की जा रही है। वहीं विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी नहीं किया।जिसके चलते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी हमला कर रहे हैं। ऐसी में इंडिया गठबंधन को लेकर भ्रामक स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि खड़गे ने नीतीश कुमार को आश्वासन दिया है कि चुनाव बाद सहयोगियों के साथ मिल बैठकर आम राय से गठबंधन को मजबूत करने के लिए काम किया जाएगा।

कांग्रेस सरकारों के खिलाफ मोदी कर रहे साजिश : सिंघवी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी की सरकारें बहुत लोकप्रिय है और इससे घबरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए उनके मुख्यमंत्रियों की छवि खराब करने की साजिश शुरु कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब भी कोई चुनाव सामने होता है तो श्री मोदी भाजपा के लिए ईडी या आईटी विभाग को अपना मुख्य हथियार बनाना शुरु कर देते हैं।

भदोही के पूर्व विधायक मिश्रा को 15 साल की सजा

भदोही, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के पूर्व विधायक विजय मिश्रा को एक सिंगर के साथ कई बार दुष्कर्म के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने 15 साल की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति सुबोध सिंह की कोर्ट ने दोषी विजय मिश्रा पर 1,10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विजय मिश्रा, भदोही की ज्ञानपुर सीट से सपा के टिकट पर तीन बार और निषाद पार्टी के टिकट पर एक बार विधायक रह चुका है।

दिल्ली पुलिस ने गोगी गैंग के शार्पशूटर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गोगी गिरोह के एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में जबरन वसूली और गोलीबारी के मामलों में वांछित था। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान दिल्ली के सलाहपुर माजरा डबास निवासी अमित उर्फ मिट्ठू (27) के रूप में हुई। अधिकारी ने कहा कि वह पहले भी शहर भर में दर्ज संवेदनशील मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के रोहिणी स्थित लाडपुर गांव में रहने वाले एक शिकायतकर्ता ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दी कि 23 अक्टूबर को कुछ बदमाशों ने उनके घर के मेन गेट पर फायरिंग की थी।

मध्य प्रदेश में 70 के फेर से बदलती रही है सरकार

प्रदेश की 230 सीटों पर 2533 प्रत्याशी आजमा रहे अपना भाग्य

नई दिल्ली, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी के बाद मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। इस बार प्रदेश की 230 सीटों पर करीब 2533 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन पर्चे दाखिल किए गए थे। यानी 58 प्रतिशत नामांकन आखिरी पड़ाव तक रहेंगे।

बीते बीस सालों के नामांकन के आंकड़े बहुत कुछ कहते हैं। ट्रेंड देखें तो पता चलता है कि जब भी 30 प्रतिशत से कम नामांकन वापस लिए गए तब सत्ताधारी दल को नुकसान पहुंचा है। बीस साल पहले 2003 में हुए चुनाव से पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। 2003 में 3057 नामांकन पर्चे भरे गए थे। नाम वापसी की तारीख के बाद 2171 उम्मीदवार मैदान में थे। यानी करीब 29 प्रतिशत नामांकन पर्चे वापस लिए गए। इसे यूं भी कह सकते हैं कि 71 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान में डटे रहे। जब परिणाम आए तो कांग्रेस की सरकार बदल गई और भाजपा सत्ता में आ गई। बात करें 2008 के चुनावों की तो इस चुनाव में 4576 नामांकन भरे गए। नाम वापसी और संवीक्षा के बाद 3179 प्रत्याशी बचे थे। मतलब करीब 69 प्रतिशत प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। यानी 30 प्रतिशत से ज्यादा नामांकन वापस ले लिए गए। नतीजे में भाजपा की सत्ता कायम रही। वहीं 2013 में भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। 2013 में 3741 नामांकन दाखिल किए गए थे. इसमें से 2483 उम्मीदवार आखिरी वक्त तक मैदान में थे। यहां भी करीब 69 प्रतिशत उम्मीदवार डटे रहे। 30 फीसदी से अधिक नामांकन वापस खींच लिए गए। इस बार भी भाजपा ही सत्ता पर काबिज रही थी। 2018 के चुनाव में फिर नामांकन के आंकड़े भी 2003 जैसे दिखे। इस इलेक्शन में 3948 नामांकन भरे गए थे, निर्धारित समय के बाद 2899 उम्मीदवार किला लड़ाने के लिए मैदान में थे। यानी 73 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान तक पहुंचे। इस बार भी सिर्फ 27 प्रतिशत नामांकन वापस लिए गए। यानी सत्ता को नुकसान पहुंचाने वाले आंकड़े। परिणाम जब आए तो सरकार बदल गई। उठापटक के बाद ही सही कांग्रेस ने सरकार बना ली। हालांकि ये सरकार 15 महीने ही चल सकी। इस बार के चुनाव में 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन भरे गए। ये बीते 20 सालों में सबसे ज्यादा रहे। नाम वापसी के बाद 2533 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। यानी 42 प्रतिशन नामांकन पर्चे वापस ले लिए गए। अब 17 नवम्बर को मतदान होना हैं। 3 दिसंबर को परिणाम आएंगे। तब पता चलेगा कि इस बार ये ट्रेंड कितना सही साबित होता है। बीते 20 सालों में चार चुनाव हुए, इसमें गौर करें तो पता चलता है कि कांग्रेस ने कभी पूरी 230 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। 2003 में 229 सीटें, 2208 में 228, 2008 में 229 तो 2013 के चुनाव में 229 सीटों पर कांग्रेस मैदान में थी। एक-दो सीटों पर कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ी थी। पर इस बार सभी 230 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में हैं।



पृथ्वीराज कपूर

जिनकी इंसानियत और दरियादिली के कई क़िस्से हैं मक़बूल

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे।

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय सिनेमा में पृथ्वीराज उस बेमिसाल शख़्सियत का नाम है, जिनकी शानदार अदाकारी के साथ—साथ उनकी बेजोड़ इंसानियत और बेपनाह दरियादिली के भी कई क़िस्से मक़बूल हैं। पृथ्वीराज कपूर जब कामयाबी के उरूज पर थे, तब उन्होंने बॉम्बे में एक ट्रैवलिंग थियेटर कंपनी के तौर पर 'पृथ्वी थियेटर' की क़ायमगी की। इस ग्रुप का मोटो था 'कला देश के लिए'। 'पृथ्वी थियेटर' के मार्फ़त देश के छोटे-बड़े शहरों में उन्होंने ढाई हज़ार से ज़्यादा नाटकों का मंचन किया। पृथ्वी थियेटर में तक़रीबन डेढ़ सौ लोग शामिल थे। तीन घंटे का शो खत्म होने के बाद, पृथ्वीराज कपूर गेट पर झोला लेकर खड़े हो जाते थे, ताकि शो देखकर आ रहे दर्शक उसमें अपने दिल से कुछ मदद करें। शो के ज़रिए जो पैसा इकट्ठा होता, उससे उन्होंने एक 'वर्कर फंड' बनाया था। जो 'पृथ्वी थिएटर' में काम करने वाले कलाकारों, टैक्नीशियनों और कर्मचारियों की मदद के काम आता था। बीसवीं सदी का चौथा दशक मुल्क की सियासत में बड़ा उथल—पुथल भरा और निर्णायक दौर था। अंग्रेज़ हुकूमत ने जब भारत पर अपनी गिरफ़्त कमजोर होती देखी, तो उसने देश के दो बड़े समुदायों हिंदू और मुस्लिम की एकता को तोड़ने के लिए उनके बीच मतभेद बढ़ाना शुरू कर दिए। ताकि ये दोनों क़ौमें आपस में भिड़ी रहें और वे आराम से उन पर हुकूमत करते रहें। पृथ्वीराज कपूर ने 'पृथ्वी थियेटर' के ज़रिए उस वक़्त जो ड्रामे 'दीवार', 'पठान', 'गद्दार' और 'आहुति' का मंचन किया, वे राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने वाले थे। उन्होंने अपने इन नाटकों के माध्यम से देशवासियों में जहां एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं अंग्रेज़ हुकूमत की चालबाजियों की तरफ़ भी इशारा किया। देश की आज़ादी के लिए उन्हें बेदार किया।

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे। '1944 में चर्चगेट रेलवे स्टेशन के पास मराठी सेंटेनरी के अहाते के विशाल आंगन में मंच बनाकर हमने 'वॉयस ऑफ़ बंगाल' का प्रदर्शन किया। पहले 'है..है..जापान' गीत के साथ डांस, फिर हारीन चट्टोपाध्याय का डांस 'दही बेचने वाला...' उसके बाद हमने उनका गीत गाया 'सूर्य अस्त हो गया गगन मस्त हो गया।' एक के बाद एक गीत और नृत्य चल रहे हैं। दर्शक दीर्घा में फ़िल्मी दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियां बैठी हैं- पृथ्वीराज कपूर अपनी बीवी के साथ। जयराज, बनमाला, वी शांताराम और शोभना समर्थ वगैरह। मंच पर गीत चल रहा है 'सुनो हिन्द के रहने वाले..' अचानक पृथ्वीराज कपूर मंच पर आकर माइक पर ऐलान करते हैं कि, 'हमें बंगाल के अकाल पीड़ितों की मदद के लिए कुछ करना चाहिए।' फिर वे अपने सर की टोपी हाथ में लेकर, दर्शकों के बीच पहुंच गए और अपने बॉलीवुड के सभी साथियों के साथ बीस हज़ार रुपए बतौर चंदा इकट्ठा करके हमे दे गए।'

पृथ्वीराज कपूर के बारे में ऐसे कई क़िस्से मशहूर हैं, जब उन्होंने अपने साथी कलाकारों या जूनियर कलाकारों की आगे बढ़कर मदद की। अदाकारा दुर्गा खोटे ने अपनी आत्मकथा में इस बात का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है कि किस तरह से उन्होंने अपने मामूली कर्मचारी को प्लेग की अफ़वाहों के बीच, कंधे पर रखकर उसे अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं वे उस वक़्त तक अस्पताल में रहे, जब तक कि वह कर्मचारी सेहतमंद नहीं हो गया। लेखक, गीतकार विश्वामित्र आदिल को अस्थमा की बीमारी थी, सड़क पर उड़ने वाली धूल उन्हें परेशान कर डालती थी। पृथ्वीराज कपूर को जब यह बात मालूम चली, तो उन्होंने यह रोज़ाना का मामूल बना लिया कि सुबह-सुबह सड़क पर पानी का छिड़काव करवाते। ताकि धूल न उड़े। पृथ्वीराज कपूर की दरियादिली और इंसानियत के कई क़िस्सों का ज़िक्र शौकत आज़मी ने अपनी आत्मकथा 'याद की रहगुज़र' में किया है। शौकत आज़मी जब उनके नाटकों में रिहर्सल के लिए जाती, तो उन्होंने छोटी बच्ची शबाना के लिए बाक़ायदा एक आया का बंदोबस्त किया। ताकि शौकत अपनी रिहर्सल बिना चिंता के कर सकें। पृथ्वीराज कपूर अपनी पूरी टीम के साथ ही खाना खाते और उन्हीं के साथ इकट्ठा रहते। उन्हीं के साथ सोते। अपनी टीम के साथ उनका एक सा बर्ताव होता। अपने साथियों के दुखों और परेशानियों में वे हर दम उनके साथ खड़े रहते।

पृथ्वीराज कपूर का अदब और अदीबों से भी बड़ा लगाव था। ख़ास तौर पर वे जोश मलीहाबादी की शख़्सियत और शायरी के शैदाई थे। अदीब, जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी एक किताब 'आशनाईयां क्या—क्या' में जोश मलीहाबादी का एक बहुत अच्छा ख़ाका लिखा है, इस ख़ाके में जोश के बहाने पृथ्वीराज कपूर का किरदार भी क्या ख़ूब सामने आया है। साल 1946 में हिंदी सिनेमा से जुड़े रहे हमीद अख़्तर लिखते हैं कि पृथ्वीराज कपूर नये लोगों को अक्सर ये सीख देते रहते थे कि ''अगर अच्छे अदाकार बनना चाहते हो और मकालमों की अदायगी में कमाल हासिल करने की आरज़ू है, तो जोश को पढ़ो।'' वो ख़ुद भी सैट पर वक़्तन-फ़वक़्तन जोश के अशआर गुनगुनाते रहते थे।' मुंबई में क़याम के दौरान एक वक़्त ऐसा भी आया, जब जोश मलीहाबादी को काफ़ी परेशानी थी। उन पर कुछ क़र्ज़ था, जिसी वजह से वे काफ़ी परेशान थे। हमीद अख़्तर ने पृथ्वीराज कपूर को जोश साहब की हालत-ए-ज़ार से आगह किया।

बहरहाल आगे का क़िस्सा उन्हीं की ज़ुबानी, ख़ैर शायर-ए-इंक़लाब के हालात सुनके पृथ्वीराज ख़ासा रंजीदा हुआ। उस ज़माने में वो ग़ालिबन सबसे ज़्यादा मुआवजा लेने वाला अदाकार था। फ़िल्मों के अलावा 'पृथ्वी थिएटर' से उसे माकूल आमदनी होती थी। पृथ्वीराज ने जोश साहब की रूदाद सुनने के बाद उनसे फ़रमाया, आपसे दरख़्वास्त है कि आज से आप अपने आप को 'पृथ्वी थिएटर' से जुड़ा हुआ समझें। आप पर यहां आकर बैठने की कोई पाबंदी नहीं है। न ही लिखने-लिखाने के सिलसिले में हमारी कोई शर्त है। बस, आपका जो जी चाहे और जब चाहे आप पृथ्वी थिएटर के लिए नज़्म या नस्र जो मुनासिब समझें, लिखकर हमें नवाज़ दिया करें।''

इसके बाद उसने एक लिफ़ाफा दोनों हाथों में पकड़कर जोश साहब को पेश करते हुए कहा, ''ये पहले महीने का एडवांस है। हम आपकी बड़ी हैसियत के मुताबिक़ तो अदायगी नहीं कर सकते, ताहम ये हक़ीर मुआवजा आपको हर माह मिलता रहेगा।''

थोड़ी देर वहां बैठने के बाद हम टैक्सी के ज़रिए, वापस रवाना हुए। जोश साहब ने लिफ़ाफ़ा मुझे थमाता हुआ कहा, ''देखो, कितने हैं ?''

मैंने गिना, तो उसमें पन्द्रह सौ रुपए थे। जो उस ज़माने में बड़ी रकम थी। जिस कंपनी में मैं और साहिर मुलाज़िम थे, वहां साहिर को उन दिनों गाने लिखने की तनख़्वाह चार सौ रुपए और मुझे मकालमा-नवेसी की मुआवजा साढ़े तीन सौ रुपए मिलता था।

बहरहाल, कुछ अरसे के बाद जब हमीद अख़्तर, जोश मलीहाबादी से मिले तो उन्होंने उनसे पूछा, 'पृथ्वीराज से बंबई में उनका निभाह कैसा रहा ? पृथ्वीराज के साथ उनका वक़्त कैसा गुज़रा ?, उसने अपना वादा निभाया भी या नहीं? वगैरह-वगैरह।'

'भई क्या ख़ूब आदमी है वो।' जोश बोले, 'हमको दस माह तक बराबर पन्द्रह सौ रुपए हर माह भिजवाता रहा और हमने एक लफ़्ज़ भी उसको लिखकर नहीं दिया।'

पुस्तक समीक्षा

जगमग भारत के अंधेरों की शिनाख्त

■ कुमार मुकुल

'जगमग अंधेरे में लोकतंत्र' कवि, पत्रकार रोहित कौशिक के आलेखों का संग्रह है। इन आलेखों के संपादित अंश कई अखबारों में प्रकाशित हुए हैं। अखबारों में स्थान सीमित होता है लेकिन पुस्तक में इन आलेखों को पढ़ने पर सम्पूर्ण विश्लेषण हमारे सामने प्रकट हो जाता है। जैसा कि शीर्षक से जाहिर है पुस्तक में वर्तमान समय के अंधेरों की शिनाख्त है। यह पारंपरिक अंधेरा नहीं है बल्कि राजनीति और व्यवस्था द्वारा फैलाए जा रहे प्रचार की चकाचौंध से पैदा दृष्टिहीनता है।

पुस्तक : जगमग अंधेरे में लोकतंत्र
लेखक : रोहित कौशिक
प्रकाशक : सहज प्रकाशन, मुजफ्फरनगर
मूल्य : 250 रुपये

पुस्तक के तीन खंड हैं। पहला खंड गांधी पर केंद्रित आलेखों का है। गांधी एक दौर के प्रतीक हैं। उन्हें व्यक्ति से ज्यादा एक दौर के रूप में देखने पर ही हमें कुछ हासिल हो सकता है। आजादी के आंदोलन का जो दौर रहा है गांधी उसके प्रतीक हैं। इस माने में गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाष, अंबेडकर, सरहदी गांधी आदि को मिलाकर ही इस दौर की चर्चा हो सकती है। इन नेताओं के अंतरविरोधों को जानकर सचेत होना सही है पर उन्हें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना आजादी के दौर की विरासत को कमजोर करना है। नेहरू, पटेल, अंबेडकर आदि को अलग-अलग दिशाओं में खींचकर हम कुछ प्राप्त नहीं कर सकते। रोहित कौशिक अपने आलेखों में इसी दृष्टि को जाहिर करने की कोशिश करते हैं। कुछ शक्तियों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत गांधी को लेकर अनेक भ्रान्तियां फैलाई गई है। ये आलेख एक तरफ इन भ्रान्तियों को दूर करने का काम करते हैं तो दूसरी तरफ नई पीढ़ी में गांधी को समझने की दृष्टि भी विकसित करते हैं। निश्चित रूप से इस दौर में गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

पुस्तक के दूसरे भाग में समसामयिक विषयों पर टिप्पणियां हैं। यह पुस्तक का मुख्य खंड है। इसमें धर्म और जाति को लेकर बढ़ती कूपमंडूकता से आरंभ कर तमाम तात्कालिक मुद्दों पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है। इस खंड में लेखक ने आज के समय में एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारतीय समाज की कुछ मूलभूत समस्याओं की ओर हमारा ध्यान दिलाया है। इन समस्याओं के रहते किसी भी शासन व्यवस्था को जनहितकारी व्यवस्था नहीं माना जा सकता। जैसे अभिव्यक्ति पर अंकुश का सवाल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसका आदर्श होता है, जिसकी ओर उसे लगातार चलते रहना होता है। इस स्वतंत्रता के बिना लोकतांत्रिक देश होने का दावा बस दिखावा रह जाता है। धर्म या जाति के नाम पर हमारे मुल्क में तमाम तरह की अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता रहा है। पत्रकारिता की गरिमा को बचाने का सवाल भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सवाल का ही हिस्सा है। इस खंड में और भी कई महत्त्वपूर्ण विषयों को उठाया गया है जैसे फर्जी किताबों का धंधा, रैगिंग की बीमारी, लैगिंक भेदभावा आदि। किसान आन्दोलन के प्रतिरोधी स्वर को कुंद करने के लिए जिस सरकार ने किसानों को ही पंजाब का किसान और उत्तर प्रदेश का किसान जैसे खेमों में या धनी किसान और गरीब किसान के बीच बांटने की कोशिश की, वह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। संसद के 90 फीसदी सदस्य करोड़पति हैं। यह सवाल क्यों नहीं उठता कि कोई करोड़पति बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व किस तरह कर सकता है भला ? पर यह सवाल उठाया गया कि पंजाब के किसानों का आन्दोलन वहां के समृद्ध और बड़े किसानों का आन्दोलन है। राहुल, प्रियंका, मोदी, योगी, अखिलेश, जयंत आदि की राजनीति का विश्लेषण भी है इन आलेखों में। इसके साथ मुसलमान, किसान और पत्रकारिता के लिए बुरे होते जाते इस वक्त की पहचान भी है।

पुस्तक का तीसरा भाग देश-दुनिया की कुछ शख्सियतों पर केंद्रित है। जिनमें कवियों के कवि शमशेर, अंबेडकर, भगत सिंह, ओम प्रकाश वाल्मीकि से लेकर स्टीफन हॉकिंग और विष्णु प्रभाकर तक पर केंद्रित आलेख हैं। यह देखकर खुशी हुई कि इस खंड के पहले आलेख में रोहित कौशिक ने अपने जनपद के कवि शमशेर बहादुर सिंह को याद किया है। इस खंड का दूसरा आलेख अंबेडकर पर है। रोहित कौशिक का कहना सही है कि हमें अंबेडकर की मूर्तियों पर राजनीति करने से आगे बढ़कर उनके विचारों पर बात करनी चाहिए। इसी तरह आज के युवा को भगत सिंह के आदर्शों व विचारों के आईने में खुद को देखना चाहिए। कुल मिलाकर नए पाठक के लिए पुस्तक उत्प्रेरक की तरह है। इससे गुजरकर वे आगे की विचारसरणियों में जाने को प्रेरित होंगे।

कहानी

अमला

बनफूल

-एक-

अमला को आज देखने आनेवाले हैं। पात्र का नाम है अरुण। नाम सुनते ही अमला के दिल में मानो अरुण आभा छिटक गयी। कल्पना में उसने कितनी छवियाँ ही न बना डाली। सुन्दर, सुशील, बलिष्ठ, माथे पर करीने से काढ़ी गयी मांग। कुर्ता पहने हुए- सुन्दर सुपुरुष।

अरुण का भाई वरूण उसे देखने आया। वह उसे ओट से देखकर सोचने लगी- 'मेरा देवर।'

लड़की देखना हो गया। लड़की पसन्द आयी। यह सुनकर अमला की खुशी का ठिकाना न रहा। रात उसने ढेरों सपने बुन डाले।

लेकिन शादी नही हुई- दहेज की रकम पर बात अटक गयी।

-दो-

फिर कुछ दिनों के बाद अमला को देखने आए। इस बार लड़का स्वयं आया। नाम हेमचन्द। इस बार अमला ने छिपकर ओट से देखा, बेश शान्त सुन्दर चेहरा- गोरा रंग- घुंघराले बाल- सुनहरी फ्रेम कर चश्मा- बहुत ही खूबसूरत।

फिर अमला का मन धीरे-धीरे इस नए आगन्तुक की ओर बढ़ गया।

कितनी ही बातें सोचने लगी वह।

इस बार दहेज पर तो बात बनी, लेकिन लड़की पसन्द नहीं हुई।

-तीन-

अंत में लड़की पसन्द भी हुई- दहेज पर सी बात बनी- शादी भी हुई। पात्र हैं विश्वेश्वर बाबू। मोटे काले गोल-मटोल हृष्ट-पुष्ट सज्जन, बी.ए. पास, सरकारी दफ्तर में नौकरी करते हैं।

अमला के साथ जब उनकी शुभदृष्टी हुई, तब पता नही क्यों, कैसी एक ममता से अमला का सारा हृदय भर गया। ऐसा शान्त, शिष्ट निरीह पति पाकर अमला मुग्ध हो गयी।

अमला सुखी है।

(अनुवाद : जयदीप शेखर)

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए

■ गोपालदास 'नीरज'

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए।
जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए।

जिसकी ख़ुशबू से महक जाय पड़ोसी का भी घर
फूल इस क़िस्म का हर सिम्त खिलाया जाए।

आग बहती है यहाँ गंगा में झेलम में भी
कोई बतलाए कहाँ जाके नहाया जाए।

प्यार का ख़ून हुआ क्यों ये समझने के लिए
हर अँधेरे को उजाले में बुलाया जाए।

मेरे दुख-दर्द का तुझ पर हो असर कुछ ऐसा
मैं रहूँ भूखा तो तुझसे भी न खाया जाए।

जिस्म दो होके भी दिल एक हों अपने ऐसे
मेरा आँसू तेरी पलकों से उठाया जाए।

गीत उन्मन है, ग़ज़ल चुप है, रूबाई है दुखी
ऐसे माहौल में 'नीरज' को बुलाया जाए।

सार समाचार

नदी में मिट्टी लेने गए युवक की डूबने से मौत

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत नदी पर मिट्टी लेने गए एक व्यक्ति की मिट्टी में धंसने के कारण मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरनावदा निवासी अरविंद ओझा पिता ओमप्रकाश ओझा अपने भाई के साथ नदी पर मिट्टी लेने गया था। इस दौरान वह नदी पर नहाने लगा। यहां नदी में अचानक मिट्टी धंसने के कारण वह नदी में डूबने लगा। जिसे उसके भाई ने बचाने की कोशिश की। लेकिन युवक पानी में समां गया। जिसके बाद परिजन गांव वालों को सूचना देने पहुंचे तो मौके पर पहुंचे लोगों ने कड़े प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकाला। जिसे परिजन जिला अस्पताल में उपचार को लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसकी नब्ज देखकर मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पत्नी की मौत के बाद अवसाद में गया पति, शराब के नशे में लगा ली फांसी

गुना, देशबन्धु। म्याना थानांतर्गत ऊमरी पुलिस चौकी के ग्राम हाथीकूंदन में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी किराने की दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी का तीन वर्ष पूर्व निधन हो गया था। जिसके बाद वह अक्सर तनाव में रहता था और अत्याधिक शराब का सेवन करता था। घटना शुक्रवार-शनिवार दरम्यानी रात की है, जब मृतक ने अपनी दुकान की शटर गिराकर अंदर तौलिया से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मामले के अनुसार हाथीकूंदन निवासी अमरसिंह पिता काशीराम सहरिया गांव में ही किराने की दुकान चलाता था। अमरसिंह घर वालों से अलग उसी दुकान में रहता था। गत शाम उसके परिजनों ने उसे खाना भेजा था। खाना खाने के बाद रात करीब 9-10 बजे अमरसिंह ने शटर लगा ली। संभवत: शुक्रवार-शनिवार दरम्यानी रात को उसने दुकान में तौलिया का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता काशीराम ने बताया कि शनिवार सुबह जब ग्राहक दुकान पर सामान लेने पहुंचे तो काफी देर तक अमरसिंह ने दुकान नहीं खोली। जब लोगों ने शटर उठाई तो अमरसिंह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मौके पर परिजन रोते-बिलखते पहुंचे और ऊमरी पुलिस चौकी को जानकारी दी। पुलिस ने शव को बरामद कर जिला अस्पताल में पीएम के लिए भिजवाया। यहां शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पेट्रोल से कबाड़ का सामान चोरी कर ले गए चोर

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत दौराना के निकट स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप से अज्ञात चोर पुराना फर्नीचर चोरी करके ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राहुल पुत्र मोहन कुमार गौड़ ने बताया कि वह रिलायंस पेट्रोल पंप पर वह सुपरवाईजर है। पेट्रोल पंप के साईड में उनकी बिल्डिंग है जिसमें पुराना इस्तेमाली फर्नीचर एवं पंप का सामान (ब्रांडिग मैटेरियल) आदि रखा रहता है।

पारदियों का आतंक, डीपी और खंभे तोड़े, काट ले गए तार

पानी देने के विवाद में खेजड़ा नदी पर की जमकर गोलीबारी

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत खेजड़ा नदी के पास खेतों में पानी देने के विवाद में एक दर्जन से अधिक हथियादबंद पारदियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक पारदियों ने बंदूक से जमकर फायरिंग कर बिजली डीपी को नुकसान पहुंचाया।

वहीं आधा दर्जन से अधिक खंभे तोडक़र तार काट दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी महावीर सिंह पुत्र भवानी सिंह राजपूत निवासी ग्राम मोडक़ा ने प्रहलाद नट, लक्ष्मीनारायण मीना, श्रीबल्लभ यादव के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि हम लोगों के खेत ग्राम खेजड़ा में नदी के पास है। वहां पर हम सब की एक ही डीपी है। उसी से सब लोग अपने खेत में पानी देते हैं। वहां से करीबन एक किलोमीटर आगे ग्राम मोडक़ा में नटों के पास अलग अलग डीपी लगवाकर अपने अपने खेतों में हम लोग पानी देते हैं। गत देर शाम जब ग्रामीण अपने घरों पर थे, तभी मुरादपुर की ओर से ग्राम खेजड़ा, कनारी, कनेरा और बीलाखेड़ी के लगभग 15-20 पारदी जो मोटर साईकिलों से हाथों में बंदूकें लेकर आए।

इस दौरान उन्होंने लाइट को विवाद करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पारदियों से बंदूकों से उतावलेपन से डीपीओं में गोली मार दी। जिससे डीपीओं में काफी नुकसान हो गया, और लगभग 4-5 खम्बे तोड़ दिए। वहीं पारदियों ने तार काट दिए। पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 336, 427, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

बमौरी के ब्लॉक अध्यक्ष मुरारी धाकड़ ने भाजपा का दामन थामा

सिंधिया की सभा दे गई कांग्रेस को बड़ा झटका

गुना, देशबन्धु। बमौरी विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य इलाक़ा मार की महु में शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी आमसभा ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। लंबे समय से राजनीति कर कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी मुरारी धाकड़ ने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

बता दें मुरारी धाकड़ कांग्रेस के बमौरी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर थे और धाकड़ समाज का बड़ा चेहरा माने जाते हैं और क्षेत्र में अच्छा प्रभाव रखते हैं।सदस्यता ग्रहण करने के बाद मंच से मुरारी धाकड़ ने कहा कि जब सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी और प्रदेश में भाजपा सरकार फिर सत्ता में आई तब लगभग पूरी कांग्रेस समाप्त हो चुकी थी ऐसे में मैंने कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा दिखाते हुए पार्टी के साथ रहने का निर्णय किया था पर मेरे साथ बड़ा सौतेला व्यवहार किया जा रहा था जिससे मेरा मन व्यथित हो गया था। पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर मैं आज अपने नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के समक्ष खुले मन से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। उनके साथ संतोष बैरागी जिला महामंत्री,जगदीश धाकड़, ज़िलाध्यक्ष युवा शक्ति संगठन चेतन बैरागी यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, विक्रम धाकड़ मण्डल अध्यक्ष ,नंद किशोर धाकड़ सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा।

सिसोदिया ने कहा भाजपा और मज़बूत होगी : मुरारी धाकड़ के भाजपा जॉइन करने पर भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा वे मेरे पुराने साथी हैं और आज वे वापस अपने परिवार में आ गये हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा की आंधी चल रही है ,कांग्रेस से सभी का मोह भंग हो चुका है। मुरारी धाकड़ जी व अन्य साथियों के आने से पार्टी और मज़बूत होगी।आगे आगे देखिए होता है क्या।

मतदाता जागरुकता मशाल रैली निकाली

- जिले की चारों विधानसभाओं में घूमेगी मशाल

गुना, देशबन्धु। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशाल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के ई एल सी क्लब के सदस्य, एनसीसी के केडिट, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा बुलाए गए छात्र सम्मिलित हुए। रैली में लगभग 500 छात्र सम्मिलित हुए। जिसमें बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, लोकतंत्र का भाग्य विधाता होता जागरूक मतदाता, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, आदि नारे लगाए। रैली में महाविद्यालय के सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर के सुभाषचंद्र बोस पार्क में जाकर समाप्त हुई। जहां पर जिला कलेक्टर तरूण राठी द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना, सीएम राइज प्राचार्य आशीष टांटिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी सी एस सिसोदिया एवं शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

इसके बाद कलेक्टर श्री राठी द्वारा मतदाता जागरूकता मशाल जलाई गई एवं उन्होंने मशाल चांचौड़ा के आरओ को सुपुर्द की। अब यह मशाल चाचौड़ा सभी मतदान केंद्र पर घूमते हुए फिर राघौगढ़ के आरओ को सुपुर्द की जाएगी। राघौगढ़ के सभी मतदान केंद्रों पर इसे घूमने के बाद मशाल बमोरी आरओ को सुपुर्द की जाएगी। फिर बमोरी के सभी मतदान केंद्रों पर भ्रमण पश्चात यह मशाल गुना आरओ को सुपुर्द की जाएगी। गुना आर ओ गुना के सभी मतदान केंद्र पर मशाल को घुमवाकर इसे गुना नगपालिका के एक मतदान केंद्र में इसे स्थापित करेंगे। 17 नवंबर के मतदान पश्चात इस मशाल को मतदान अधिकारी अपने साथ लेकर आएंगे। यह मशाल मतदान दिवस तक जलती रहेगी। इसके साथ ही महाविद्यालय में रासेयो प्रभारी अनिल कुमार शुक्ला और संजीव कुमार कुशवाह द्वारा पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में होने वाली निबंध प्रतियोगिता विषय एक देश एक चुनाव में सम्मिलित होने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजयी चार प्रतिभागियों के निबंध विद्यापीठ भेजे जाएंगे। जो छात्र विद्यापीठ की प्रतियोगिता में भागीदारी करेगे उनके विजय प्रथम प्रतभागी को 9000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 7500 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 6000 रुपए का नकद पुरुष्कार प्राप्त होगा।

264 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

मारकीमहू में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

- कांग्रेस प्रत्याशी ने किया दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क

गुना, देशबन्धु। बमोरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने शनिवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क किया। इस मौके पर मारकी महू में कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर करीब 264 ग्रामीणों ने कांग्रेस का हाथ थामा। इसके पूर्व मंत्रोच्चारण के साथ मारकीमहू में कांग्रेस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस प्रत्याशी श्री अग्रवाल द्वारा गांव के बड़े बुजुर्गों के हाथों फीता कटवाकर कराया।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी श्री अग्रवाल ने कहा कि इस बार जनता बदलाव चाहती है और क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ही एक विकल्प है। क्षेत्र के कई गांवों से लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होना, मतलब जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। कांग्रेस की नीति रीती और कमलनाथ के 15 माह की सरकार में किए गए कार्यों से प्रेरित होकर आज ढाई सैकड़ा से ज्यादा लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली है। सभी ने कांग्रेस व कमलनाथ जी के कार्यों से प्रेरित होकर पार्टी ज्वॉइन की। इन सभी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में हम स्वागत करते हैं।

शनिवार को श्री अग्रवाल ने बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मारकीमहू, रजेला, सांडखेड़ा, बरबोटू, घाट दसतौली, बेर दसतौली, मझौला, छोटी काठी, बड़ी काठी, सनवाड़ा, कुडीन, हतियाबढ़, बेरखेड़ी, करकेमहू, पलाट, तिलवाड़ा सहित अन्य गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी श्री अग्रवाल का आत्मीयता से स्वागत किया।

रिश्ते का बुजुर्ग मौसा युवती को बहला फुसलाकर भोपाल ले गया, बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

गुना, देशबन्धु। जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत एक युवती को उसके ही बुजुर्ग मौसा बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। इस दौरान आरोपी ने कई दिनों तक भोपाल में रखकर दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी 65 वर्षीय मौसिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस 19 वर्षीय एक युवती द्वारा जिले के चांचौड़ा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 25 अक्टूबर को ग्राम ककराज जिला विदिशा निवासी उसके रिश्तेदार मौसा धन्नालाल अहिरवार (65) उसे डरा धमकाकर जबरदस्ती अपने साथ ले गया। जिसने उसे तीन दिन तक कमरे में बंध रखकर उससे कई बार जबरदस्ती गलत काम किया गया।

थाना प्रभारी संजीत डुक्षसह मवाई ने बताया कि आरोपी ने युवती को भोपाल में रखा। जिसे पुलिस ने दस्तयाब कर आरोपी को पकड़ा है। युवती की रिपोर्ट पर से आरोपी धन्नालाल अहिरवार के विरूद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 523/23 धारा 376, 366, 343 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी धन्नालाल पुत्र गणेशराम अहिरवार निवासी ग्राम ककराज थाना लटेरी जिला विदिशा को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई श्री माबई केअलावा बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी एवं आरक्षक कुलदीप गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भाजपा छोड़ कांग्रेस मे शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

आष्टा, देशबन्धु। कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान के पक्ष में करीब 200 जाँगाड़ा समाज के लोगों ने भाजपा से निराश होकर बड़ी तादाद मे कांग्रेस मे शामिल हुए, कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिह चौहान के साथ लोगों का समर्थन लगातार बड़ता जा रहा है। पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा ने भाजपा से कांग्रेस मे आए सैकड़ो कार्यकर्ताओ को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। ढाकनी मुगली के भूतपूर्व सरपंच कैलाश पलाथिया के नेतृत्व में जागड़ा समाज के और अन्य लोग कांग्रेस मे शामिल हुए। प्रत्याशी कमलसिंह चौहान के पक्ष में नगर सहित ग्रामीण अंचल में लगातार दौरे जारी है।

शनिवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी प्रत्याशी कमलसिंह चौहान के साथ हाथ के पंजे पर वोट डालने की अपील करने ग्राम हकीमपुर खोयरा फूडरा, डोडी, केशवपुरा, हरनिया, कल्याणपुरा कान्याखेड़ी, कुरावर, पलासी, मुरावर मूंडला, करमनखेडी हाजीपुर गउखेड़ी, भंवरी, हरनावदा, कालापीपल टिगरिया, अनरियागाजी, आदि ग्रामो के मतदाताओ से रूबरू होकर आशीर्वाद मांगा कमलसिह चौहान के साथ बड़ी तादाद मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कठपुतली शो के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरुक

आष्टा, देशबन्धु। अनुविभागीय अधिकारी आनंद रजावत के मार्गदर्शन में नवअंकुर मानव कल्याण संस्था द्वारा आष्टा ब्लॉक के ग्रामो में कठपुतली शो के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक किया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता गीत नारे के माध्यम से मतदाताओ को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें सबसे पहले ग्राम गोपालपुर मे कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद ग्राम परोलिया पार ग्राम भैरूपुर, ग्राम पारदीखेड़ी, बांदरिया हाट, गाजना, लाखिया, उरली, कोंदकपुरा, कुर्लीकला, निमावरा, नांजीपुरा आदि ग्रामो में मतदाताओ को जागरूक किया गया। जिसमें उन्हे बताया कि हमे आष्टा ब्लॉक मे सौ प्रतिशत मतदान करना है। इसलिए सभी अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करे। और अपने आसपड़ोस के लोगो को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करे। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सिस्टर सुषमा होरो, समन्वयक बलवानसिंह ठाकुर, लेखापाल राकेश मालवीय, कार्यकर्ता अनीता चौहान, हुकुमचंद, मनीष जमरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ग्रीन फील्ड कॉलेज की मतदाता जन जागरूकता रैली

आष्टा, देशबन्धु। ग्रीन फील्ड कॉलेज ने स्वीप पार्टनर के तहत मतदाता जागरूकता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार की गतिविधियों के संचालन के अंतर्गत शनिवार को रैली के माध्यम से जन जागरण के द्वारा रैली निकालकर छात्रछात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से जन जागृति का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर धर्मेंद्र गौतम ने छात्र छात्राओं को रैली व स्लोगन या अन्य गतिविधियों के द्वारा मतदाता जागरूकता लाकर जन जागृति का काम करना है। उन्होंने कहा लोकतंत्र का यह महापर्व देश के लोकतंत्र को मजबूत करता है। ज्यादा से ज्यादा लोग पहले वोट दो सारे काम छोड़ दो के ध्येय वाक्य को धरातल पर सिद्ध करना है। कॉलेज के छात्र/छात्राओं और स्टॉफ के सभी सदस्य इस जागरूकता रैली में शामिल हुए।

नपा को मिली साढ़े 6 लाख से अधिक की राशि

आष्टा, देशबन्धु। नगर में आतिशबाजी की दुकानों का स्थानीय सुभाष मैदान पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की मौजूदगी में आवंटन किया गया है। ज्ञात रहे कि नगर में आतिशबाजी का काम काफी बड़े स्तर पर होता है। दीपावली के चलते सुभाष मैदान में आतिशबाजी की लगभग 60 दुकानें लगीं हैं। सीएमओ राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि सुभाष मैदान पर 15 बाय 15 की लगभग 60 दुकाने आतिशबाजी व्यापारियों को आंवंटित की गई है। आवंटन कार्य में निकाय को लगभग 6 लाख 58 हजार 9 सौ रुपये की राशि प्राप्त हुई है जो अपने आप में अभी तक एक ऐतिहासिक राशि प्राप्त हुई है।

साथ ही सीएमओ श्री सक्सेना ने आवंटित आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने फायर यंत्र, पानी की व्यवस्था सहित प्रकाश व्यवस्था के समुचित इंतेजामात करने के अधिनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए। वहीं यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से दुकानदारों को निर्देश दिए कि परिसर में किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश न होने दिया जाए। साथ ही जिन दुकानदारों द्वारा अधिकतम बोली लगाकर दुकान ली गई है उन सभी को समक्ष में धूम्रपान आदि नही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के साथ राजस्व प्रभारी मनोहरसिंह जावरिया, कमरूद्दीन, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, नारायणसिंह सोलंकी, बनवारीलाल, आकाश चौहान, धर्मेन्द्र दिसावरी, श्रवण सोलंकी आदि मौजूद थे।

भाजपा के लिए वोट मांगने निकला मोर्चा

आष्टा, देशबन्धु। भाजपा प्रत्याशी गोपालसिंह इंजीनियर के पक्ष मे वोट की अपील महिला मोर्चा युवा मोर्चा एवं वार्ड पार्षद के संयुक्त नेतृत्व मे वार्ड क्रमांक 16 मे घर घर जाकर मतदाता से रूबरू हुए। वही अपील की कि भाजपा के पक्ष में वोट दे। नगर अध्यक्षवार्ड क्रमांक 16 के पार्षद रवि शर्मा युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष धारवां महिला मोर्चे के अध्यक्ष प्रिया खंडेलवाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णासिंह डॉक्टर सुरूचि सिह , धनरूपमल जैन, पार्षद अंजली चौरसिया लता मुकाती,नीलेश खंडेलवाल विशाल चौरसिया,पार्षद तारा कटारिया पवन वर्मा,गिरजा कुशवाह, हरेंद्र ठाकुर, नीलिमा वैरागी सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर दे रहे दस्तक

सीहोर, देशबन्धु। *शनिवार को शहर के छावनी क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय का छोटी-छोटी बच्चियों ने तिलक लगाकर और युवाओं ने पुष्प माला पहनाकर उत्साह के साथ स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भाजपा सरकार के कारण रोजगार के अवसर बढ़े हैं, शहरी क्षेत्र के हर वार्ड में बिना भेदभाव के विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा लाड़ली बहना योजना के कारण महिलाओं को हर माह सम्मान मिल रहा है। इस मौके पर उन्होंने महिला मतदाताओं से कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि लाड़ली बहनों का पूरा समर्थन मिलेगा। हम भी वचन निभा रहे है और आगे भी निभाऐंगे।*

हर नागरिक का कहना है कि हमारे विधायक श्री राय के कार्यकाल में शहर की तस्वीर बदल गई है। शहर महानगर की तर्ज पर विकसित हो रहा है। बिना किसी भ्रष्टाचार और भय के शहरवासी शांति के साथ निवास कर रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में तेज गति से कार्य हो रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान दोपहर में विधायक श्री राय शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ी ताकत युवा वर्ग की है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के लिए आगे भी शहर में रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ आज बैडी एवं कायदा में करेंगे आमसभा

हरदा, देशबन्धु। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कि 5 नवंबर को हरदा विधानसभा के ग्राम बैडी में सुबह 10 बजे कांग्रेस के स्टार प्रचारक और छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ आमसभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात टिमरनी विधानसभा के ग्राम कायदा में कांग्रेस सरकार की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने क्षेत्र की जनता एवं समस्त कांग्रेसजनों से उक्त कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

प्रेक्षक ने मांदला और मोरगड़ी मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरदा,देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन के लिए हरदा विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक हनीश छाबड़ा ने शनिवार को जिले के मांदला और मोरगड़ी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली व रेम्प जैसी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रेक्षक श्री छाबड़ा ने मोरगड़ी चेक पोस्ट पर पहुंचकर स्थैतिक निगरानी दल के अधिकारी कर्मचारियों से अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली।

बिना परिचय पत्र नहीं कर सकेंगे मतदान

बैतूल,देशबन्धु। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्धारित आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में मतदान के पूर्व मतदाता को अनिवार्य रूप से अपना निर्वाचन पहचान पत्र दिखाना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए आदेश में कहा गया है कि ऐसे मतदाता जो अपना निर्वाचन परिचय पत्र नहीं दिखा पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्न अनुसार एक वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन पत्र नहीं होने की स्थिति में ऐसे मतदाताओं को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डीएसबिलिटी आईडी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होंगा।

एक ही दिन में ताप्ती सरोवर में कूदे 2 लोग, दोनों की मौत

मुलताई के बुजुर्ग और चिचंडा निवासी युवक के रूप में हुई शिनाख्त

मुलताई, देशबन्धु। नगर में शुक्रवार दो लोगों की ताप्ती सरोवर में डूबने से मौत हो गई। दोनों ने सरोवर में छलांग लगा दी थी। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे ताप्ती सरोवर में कूदने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसकी शिनाख्त चिचन्डा निवासी अनिल पिता सावन्या बोबडे के रूप में हुई। वहीं दूसरी घटना शुक्रवार देर रात करीब 9 बजे सामने आई जब नगर के स्टेशन रोड पर रहने वाले एक बुजुर्ग ने ताप्ती सरोवर में छलांग लगा दी, जिसके चलते उसकी भी मौत हो गई।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की शुक्रवार देर रात ताप्ती सरोवर में नगर के स्टेशन रोड पर रहने वाले बुजुर्ग महेंग्या लाल पुत्र तिलकंचन्द साहु उम्र 74 वर्ष जगदीश मंदिर के सामने अचानक से सरोवर में कूद गया, जिसे महिलाओं ने देखा और शोर मचाया। तभी सत्यनारायण मंदिर के पुजारी राहुल शर्मा ने पानी में कूद कर सरोवर से बाहर निकाला, जिसके बाद उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहा बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। दोनों के शव का शनिवार सुबह सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया गया। एक साथ दो लोगों के सरोवर में कूदने से हुई मौत से लोगों में दहशत का माहौल बन गया था।

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर घायल

मुलताई, देशबन्धु। बोरदेही मार्ग पर शुर्कवार देर रात ग्राम डंगारिया के पास एक सड़क दुर्घटना में डंगारिया निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सर में गंभीर चोट आई जिसे परिजन मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजनों उसे निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु नागपुर लेकर गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम डंगारिया निवासी शिवम पुत्र रामदास उम्र 18 वर्ष जो की खेड़ली बाजार गया हुआ था। जहां से वह अपनी बाइक से वापस लौट रहा था, तभी अचानक डंगारिया के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया। जिसके चलते उसकी सर में गंभीर रूप से चोट आई।

विवाहिता से छेड़छाड़ के आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

मुलताई, देशबन्धु। थाना क्षेत्र बोरदेही के एक ग्राम में निवास करने वाली विवाहिता के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने दोषी पाते हुए एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन का संचालन करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी धर्मेश शर्मा ने बताया बोरदेही थाना क्षेत्र ग्राम में निवास करने वाली पीड़िता ने थाना बोरदेही में रिपोर्ट लिखाई थी कि बीते 29 अगस्त 2018 को वह दोपहर करीब 12 बजे अपने घर से पति के लिए टिफिन लेकर बारंगवाडी जा रही थी। जब वह रास्ते में अपने पैर धोने के लिए जनकलाल के खेत में रुकी तो उसका करीबी रिश्तेदार आरोपी कुंभराज पीछे से आया और पूछा कि पति और देवर कहां गए हैं तो उसने काम के लिए जाने की बात कही। यह सुनकर कुंभराज उसे जबरदस्ती मक्का बाड़ी में खींचकर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता चिल्लाई तो कुंभराज ने उसका गला और मुंह दबा दिया और जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा ।

पीड़िता जैसे तैसे कुंभराज के चंगुल से निकलकर भागते हुए अपने पति के पास पहुंच गई और घटना की जानकारी अपने पति को बताई। उसके बाद सांस और देवर को सारी घटना बताई। पीड़िता की रिपोर्ट पर बोरदेही पुलिस ने आरोपी कुंभराज के खिलाफ धारा 354 भादवि सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी कुंभराज पिता उदेलाल को धारा 354 भादवि के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया है।

बैतूल बाजार में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

बैतूल, देशबन्धु। शनिवार कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा की मौजूदगी में बैतूल बाजार में कांग्रेस कार्यालय का भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यालय का शुभारंभ नगर के उन वरिष्ठ कांग्रेस जनों के हाथों कराया गया। इस मौके पर निलय डागा ने अपने पिता स्व. विनोद डागा को याद करते हुए कहा कि पिछले चुनावों में मेरे पिता मेरी शक्ति और सम्बल बढ़ाने के लिए मौजूद थे। लेकिन आज उनके ना रहते उनके मित्र और नगर के बुजुर्ग मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप बुजुर्गों के आशीर्वाद से में अपना लक्ष्य हासिल कर पाऊंगा। कांग्रेस चुनाव कार्यालय का शुभारंभ डॉ. राधिका प्रसाद वर्मा जी के मकान में शिवचरण लोनारे (शिक्षक) एंव द्वारका राठौर , गजानंद वर्मा, पंडित नरेंद्र शुक्ला, जितेंद्र चौधरी, उमेश कुमार वर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घाटन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल थे।

कांग्रेस की सरकार मतलब किसानों की सरकार: वागद्रे

जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा के साथ जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से कहा कि कांग्रेस की सरकार मतलब किसान की सरकार उन्होंने कहा कि बैतूल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा को अपना आशीर्वाद देकर चुनाव जिताये और प्रदेश में कमलनाथ की सरकार बनाएं। कांग्रेस की सरकार आएगी तो जय किसान ऋण माफी योजना के अंतर्गत किसानों के 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण माफ करने के लिए योजना को जारी रखा जाएगा। किसानों के कर्ज माफी की राशि उनके खातों में समायोजित नहीं होने की जांच कराई जाएगी, ऐसे प्रकरणों में बकाया ऋण पर ब्याज माफ करेंगे ।

भाजपा प्रत्याशी खण्डेलवाल के लिए राठौर ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया सघन जनसंपर्क

बैतूल, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र बैतूल में भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल के साथ ही पार्टी के पूर्व जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतर गए है। पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर ने विधानसभा क्षेत्र के लाखापुर, बरसाली, बोडी, बघवाड़, कुम्हारटेक, राठीपुर सहित अन्य ग्रामों में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पूर्व विधायक राठौर ने ग्रामीणों को बताया कि भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल ने शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार, पेयजल, सिंचाई, बिजली, आवास, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए बैतूल विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले में बड़े पैमाने पर काम करवाएं है। उन्होंने बताया कि श्री

खण्डेलवाल के प्रयासों से ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैतूल जिले को मेडीकल कॉलेज की सौगात दी है। श्री राठौर ने ग्रामीणों को बताया कि जब वे बैतूल विधानसभा क्षेत्र के विधायक थे तो उन्होंने भी विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। केन्द्र और मध्यप्रदेश सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर के जनसंपर्क के दौरान बोड़ी ग्राम के 30 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की रीति-नीति और हेमंत खण्डेलवाल की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर ने स्वागत किया।

मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली

सारनी, देशबन्धु। शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो सके इसको लेकर नगर पालिका एवं नायब तहसीलदार के माध्यम से शासकीय अर्थशासकीय स्कूलों से मतदाता जागृति रैली निकालने का कार्य किया जा रहा। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम के निर्देशन में आदर्श गायत्री स्कूल सारनी की छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक,शिक्षकों के माध्यम से नगर में कलश यात्रा रैली निकाल कर एवं रंगोली, मेहंदी,पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता करवा कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया ।मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सारनी के रंजीत डोंगरे, निराकार सागर, अनिल लिलोरे, कामदेव सोनी, राकेश डोंगरे,कीर्ति नायक,बुधराम महोबे एवं दीपक महोबे रैली में उपस्थित थे।

सनफ्लावर स्कूल में हुई खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता

हरदा,देशबन्धु। सहोदया काम्प्लेक्स जिला हरदा द्वारा विभिन्न सी.बी.एस.सी. स्कूलों में आयोजित की जा रही कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन सनफ्लावर स्कूल में हुआ। स्कूल में प्रात: 8:30 से 4 बजे तक प्रतियोगिताएं 9 स्कूलों के बीच सम्पन्न हुई और इन प्रतियोगिताओं में 375 छात्र-छात्राओं ने नॉक-आउट मैचों के जरिए सेमी फाईनल में पहुंची। अण्डर 14 में होलीफेथ, सूर्योदय और सेयोन रे एवं फाउंडेशन पहुँची फिर फाईनल मैच में होलीफेथ ने सूर्योदय को हराया। इस तरह खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान होलीफेथ, दूसरा सूर्योदय एवं तीसरा सेयोन-रे, खिरकीया ने प्राप्त किया। अण्डर 19 में प्रथम स्थान सनफ्लवार स्कूल, द्वितीय

स्थान फाउन्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल एवं तृतीय स्थान अकादमिक हाईट्स स्कूल, टिमरनी रहा। रोमांच भरे माहोल में सम्पन्न हुई कबड्डी प्रतियोगिताओं में अण्डर 14 में प्रथम स्थान फाउन्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, द्वितीय स्थान डेली स्कूल ऑफ एजूकेशन, सोडलपुर तथा तृतीय स्थान सूर्योदय ग्लोबल अकादमिक, खिरकिया ने प्राप्त किया। अण्डर 19 में सूर्योदय ग्लोबल, खिरकिया प्रथम स्थान, होलीफेथ स्कूल द्वितीय स्थान तथा डेली स्कूल ऑफ एजूकेशन तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का शुभारंम्भ शिक्षण विकास समिति के सचिव सुरेशचन्द्र अग्रवाल की अध्यक्षता, प्रवीण अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी जगदीश शर्मा, अखिलेश अवस्थी के विशेष आतिथ्य प्रारम्भ हुआ।

न्यायालय परिसर में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भेरून्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमिताभ मिश्र के आदेशानुसार न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में द्वितीय जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रवीन्द्र कुमार शर्मा की उपस्थिति में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश सुनीता गोयल, प्रशिक्षु न्यायाधीश ईशान ढेंन्गुला एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बलराम यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण करने हेतु मध्यस्थता बेहद प्रभावी प्रक्रिया है। जिनमें प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जा सकता है। प्रकरणों के निराकरण हेतु दोनों पक्षों की आपसी सहमति होना जरूरी होता है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबाव रहित वातावरण में दोनो पक्षों के विवादों का निपटारा करते है। जिससे विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान होता है। यह प्रक्रिया पूर्णत: निजी तथा गोपनीय होती है। मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरण का त्वरित निराकरण हो जाता है। समय व खर्चे से बचत हो जाती है और हमे न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत मिल जाती है और पक्षकारों में आपसी संबंध भी मधुर बने रहते है।

मध्यस्थता के माध्यम से विवाद निपटने पर, वादी कोर्ट फीस एक्ट 1870 की धारा 16 के तहत् पूरा न्यायालय शुल्क वापस पाने का हकदार होता है। आज के समय की जरूरत है कि हम अपने प्रकरणों के निराकरण में मध्यस्थता प्रक्रिया का उपयोग करते हुये अपने प्रकरण का त्वरित निराकरण कराये और न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत पाये। कार्यक्रम में मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरणों का निपटारा किये जाने हेतू आ रही विभिन्न समस्याओं से अधिवक्तागण द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता एवं पक्षकार उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी ने एक दर्जन गांवों में पहुचकर किया जनसंपर्क

कांग्रेस ने किए थे झूठे वादे: शर्मा

सिरोंज, देशबन्धु। जितनी जनकल्याण की योजनाओं को आमजन के हित में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की भाजपा सरकार में लागू हुई उतनी आज तक किसी भी सरकार में नहीं हो सकी। हमे दिग्विजय की अंधेरे की सरकार और पंद्रह महीने की कमलनाथ की जनता के कल्याण की योजनाओं को बंद करने वाली सरकार को नही भूलना चाहिए। यह बात भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने शनिवार को अपने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों के बीच कही। तरवारिया गांव में भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा ने कहा कि पहले बोझ समझी जाने वाली बेटियों के लिए शिवराज सिंह ने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाकर सम्मान देने का काम किया तो अब प्रदेश की

महिलाओं को सबल बनाने के लिए लाड़ली बहना योजना के माध्यम से खुशहाल करने की कोशिश की है। कांग्रेस के नेताओं ने पिछली बार किसानों की कर्ज माफी के झूठे वादे करके सरकार बनाई लेकिन किसानों का कर्ज माफ होना तो दूर वह किसान बैंक में डिफाल्टर हो गया। ऐसे सभी किसानों के कर्ज और ब्याज की राशि को भाजपा सरकार ने जमा करके डिफाल्टर मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर कांग्रेस के बहरूपिया नेता आपको बहलाने फुसलाने के लिए गांव गांव घूमने लगे है लेकिन आपको उचित निर्णय लेकर सर्वजन हित के कल्याण वाली सरकार को बनाना है। हमने राम मंदिर बनाने का वादा जनता है किया था और आज मोदी जी की दृढ़ इक्छा शक्ति से यह सपना पूरा होने जा रहा है। तरवारिया, बामौरी हौज, सावनखेड़ी, खेजड़ा गोपाल, फजलपुर, रीछन खानपुर ग्वारी सहित एक दर्जन गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ सेक्टर प्रभारी संतोष चौरे, मण्डल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,हमीर सिंह यादव, बलबीर यादव सहित ग्रामीण क्षेत्र के नेता उपस्थित रहे।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए जीतू का विधायक निवास पर स्वागत

सिरोंज, देशबन्धु। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये लटेरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र रघुवंशी का विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर जोरदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि जितेंद्र रघुवंशी ने विगत दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह के समक्ष भोपाल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली है। दोपहर करीब 1 बजे अपने दर्जनों समर्थकों के साथ विधायक उमाकांत शर्मा से मिलने के लिए पहुंचे जिनका गणेश की अथाई पर कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। यहां पर प्राचीन गणेश मंदिर में दर्शन के उपरांत उन्होंने उमाकांत शर्मा से भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उमाकांत शर्मा ने उनका केसरिया साफा पहनाकर भाजपा के दुपट्टे

पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान उनके भाई वीरेंद्र रघुवंशी भी मौजूद थे। इसके पूर्व जितेन्द्र ने स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि मैं भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ हूं। पत्रकारों के कांग्रेस प्रत्यशी द्वारा अपने परिवार से नकारे जाने पर उन्होंने कहा कि वह मेरे चेचेरे भाई है विगत लटेरी नगर परिषद चुनाव में वार्ड पार्षद में मेरी जीत पर चचेरे भाई का संबोधन करते हुए पोस्ट भी प्रेषित की थी। इस दौरान मुम्बई से चुनाव संगठन का काम देख रहे धर्म शर्मा, मंडल प्रभारी दिनेश शर्मा,रमेश यादव सहित नेतागण उपस्थित रहे।

शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाकर किया जागरूक



गंज बासौदा, देशबन्धु। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कर प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक कराया जा रहा है साथ ही लोगों को शपथ भी दिलाई जा रही है। शनिवार को शहर वाचनालय मतदान केंद्र पर बीएलओ सरदार सिंह रघुवंशी उपस्थित कर्मचारियों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए संकल्प लिया इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। और उसको करना प्रत्येक राष्ट्र के नागरिक का प्रथम कर्तव्य है उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि वह मतदान अवश्य करें एवं अपने-अपने वार्ड में नगर में और मोहल्ले में मतदान के लिए सभी नागरिकों को जागरूक करें इस अवसर पर सभी लोगों ने मतदान करने का संकल्प लिया। और मतदाता जागरूकता अभियान का के बारे में लोगों को जानकारी दी इस अवसर पर शहर वाचनालय स्थित मतदान केंद्र के सरदार सिंह रघुवंशी प्रवीण माथुर कैलाश पटवा कैलाश नेम दीपू सोलंकी शक्ति सिंह रघुवंशी बबलू राय राजा अरोड़ा सहित अन्य मतदाता उपस्थित थे।

2 पटवारी निलंबित

सिरोंज, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 147 सिरोंज के आम निर्वाचन सम्पन्न कराने तहसील सिरोंज में मीडिया कक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें शुभम पटेल पटवारी एवं रघुवीर सिंह मीना पटवारी की ड्यूटी लगाई गई। मीडिया सेल प्रभारी द्वारा औचक निरीक्षण में दोनों पटवारी अनुपस्थित पाये गये। विधानसभा निर्वाचन जैसे महत्वपवूर्ण कार्य में गंभीर लापरवाही के कारण दोनों को निलंबित कर दिया गया।

सार समाचार

केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर आज सनखेड़ा आएंगे

इटारसी, देशबन्धु। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजयपाल सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कल रविवार को आएंगे। श्री तोमर ग्राम सनखेड़ा बाजार चौक में प्रात: 10 बजे सभा को संबोधित कर भाजपा को वोट देने की अपील करेंगे। केंद्रीय मंत्री के आने से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश का माहौल है। श्री तोमर भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और मतदाताओं से भाजपा में वोट करने की अपील करेंगे।

आज मेंटेनेंस के कारण इन क्षेत्रों में बिजली कटौती

इटारसी, देशबन्धु। रविवार, 5 नवंबर को पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से संचालित समस्त 11 केवी फीडर आवश्यक जंपर कार्य के दौरान सुबह 11 11: 45 बजे तक बंद रहेंगे। कार्य के दौरान समय को घटाया-बढ़ाया भी जा सकता है। बिजली विभाग के अनुसार अवामनगर, पीपल मोहल्ला, समस्त पुरानी इटारसी क्षेत्र, मार्केट एरिया, न्यास कॉलोनी एरिया, गरीबी लाइन, समस्त खेड़ा एरिया एवं इंडस्ट्री उपभोक्ता इस दौरान प्रभावित रहेंगे।

शांतिधाम में परिजनों की स्मृति में बैंच प्रदान की

इटारसी, देशबन्धु। श्मशानघाट शांतिधाम समिति को दानदाताओं द्वारा दिये जाने वाले दान से वहां की व्यवस्थाएं हो रही हैं। ऐसा ही नगर के प्रतिष्ठित गुप्ता प्रिंटर्स के संचालक शरद गुप्ता ने मनमोहन लाल गुप्ता एवं श्रीमती गोदावरी देवी गुप्ता की स्मृति में एक सीमेंट ब्रेंच शांति धाम शमशान घाट गोकुल नगर खेड़ा इटारसी को दान दी गई है। शांतिधाम जनभागीदारी समिति की ओर से प्रबंधक घनश्याम तिवारी सहित संपूर्ण समिति ने इस दान के लिए गुप्ता परिवार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दानदाताओं के सहयोग से यहां अंतिम संस्कार के लिए आने वालों के लिए व्यवस्थाएं हो जाती हैं, यह बैंच भी अंतिम यात्रा में आए लोगों के बैठने के काम आएगी।

निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे भाजपा से निष्कासित

नर्मदापुरम। विधानसभा चुनाव में बागी होकर दल-बदल, निर्दलीय चुनाव लड़ने लड़ रहे प्रत्याशी समेत बगावत करने वाले 35 नेताओं को पार्टी ने निष्कासित किया है। पार्टी ने इन नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया। सभी को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया। निष्कासित करने वाले नेताओं में नर्मदापुरम संभाग से नर्मदापुरम में भगवती चौरे और समिति के सदस्य और पूर्व नपाध्यक्ष हरदा से सुरेंद्र जैन है। विधानसभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ कार्य करने, दूसरे दल या निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले भाजपा नेताओं को 35 नेताओं का निष्कासन किया है।

दीपावली पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने की मिठाईयों की जांच, सेंपल एकत्र किए

इटारसी, देशबन्धु। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दीपावली को देखते हुए खाद्य पदार्थों, खासकर मिठाईयों की जांच की प्रक्रिया में सेंपल एकत्र किये। विभाग हर वर्ष त्योहारों के पूर्व इसी तरह की जांच करता है और सेंपल लेकर लैब में भेजे जाते हैं।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशन में विभागीय जांच दलों द्वारा जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई निर्माता, विक्रेताओं की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं टीम ने इटारसी शहरी क्षेत्र स्थित शिवराज स्वीट्स, विमल स्वीट्स, गोपी स्वीट्स एवं गगन मगन स्वीट्स सहित मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। शहरी क्षेत्र के प्रतिष्ठान शिवराज स्वीट्स और विमल स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ केसर कतली एवं ऑरेंज बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए। पुरानी इटारसी स्थित गगन मगन स्वीट्स से राजस्थानी हलवा नामक मिठाई व खोया के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। अगले दिन इटारसी स्थित राजस्थान स्वीट से मिल्क केक एवं कुंदा पेड़ा तथा नॉवेल्टी स्वीट्स से केसर पेड़ा तथा बेसन लड्डू के नमूने जांच हेतु लिए।

गुरुवार को तहसील बनखेड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर राजस्थानी बर्फी, मलाई बर्फी एवं बेसन के नमूने लिए। तहसील पिपरिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने सघन निरीक्षण किया और रंगजी स्वीट्स से मलाई कतली, बीकानेर स्वीट्स से कुंदा बर्फी व बेसन लड्डू, सपना स्वीट्स से मलाई बर्फी, अग्रवाल नाश्ता भंडार से समोसे के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य पदार्थ मिठाई आदि पर निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि का प्रदर्शन एवं सफाई के लिए निर्देश दिए। नमूने जांच हेतु विधिवत प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. सीतासरन शर्मा का जनसंपर्क जारी

इटारसी, देशबन्धु। नर्मदा पुरम इटारसी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा का विधानसभा क्षेत्र में आत्मीय जनसंपर्क अभियान जारी है। शनिवार को डॉ शर्मा इटारसी के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में पहुंचे तो नागरिकों ने कहा हमारे मन में सिर्फ डॉ सीतासरन शर्मा है। जनसंपर्क के दौरान मिलने वाली हर माता-बहन, पुरुष वर्ग के साथ-साथ वृद्धों और घर के बच्चों ने भी डॉ शर्मा का तिलक लगाकर, माला पहना कर, पुष्पगुच्छ देकर एवं जीत की शुभकामनाओ के लिए मिठाई एवं अन्य पकवान खिलाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान मिलने वाले नागरिकों से डॉ शर्मा ने आग्रह किया कि वह ज्यादा से ज्यादा मतों से उनके एवं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके अपना आशीर्वाद प्रदान करें। डॉ शर्मा ने जनसंपर्क में स्वागत करने वाली सभी महिलाओं- युवतियों को शिवराज सरकार की लाड़ली बहना योजना का स्मरण कराते हुए उन्हे बहनों और दीदियों कहकर संबोधित किया तो उनके चेहरे खिल उठे। साथ ही यह वादा भी किया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्व की ही तरह लाड़ली बहनों को राशि प्रदान की जाएगी एवं समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न जनहितैषी योजनाएं भी बनाई जाएगी। डॉ शर्मा ने नागरिकों से कहा कि मैं आपको विकसित, सुरक्षित एवं समृद्ध वार्ड, मोहल्ला एवं इटारसी देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। जिसके लिए आप सभी का मतदान स्वरूप सहयोग एवं आशीर्वाद चाहिए।

इन क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

शनिवार का जनसंपर्क मालवीय गंज के आजाद पंजा चौराहा से प्रारंभ होकर, बाइबल कालेज चौराहा, गौरव बड़कुर निवास गली, कुर्मी मोहल्ला, आर एम एस कालोनी, पंजाबी मोहल्ला, बूढ़ी माता मंदिर चौराहा, शक्ति नगर, गणेश नगर चौराहा, भारत माता चौराहा, भरत मंदिर रोड, अजय वचन कॉलोनी, दिनेश उपाध्याय निवास गली, दशमेश कॉलोनी, रॉयल स्टेट कॉलोनी, मुंबई वालों की चाल, महर्षी नगर, तिरुपति नगर, जाटव मोहल्ला, काली मंदिर, बैंक कॉलोनी, शिक्षक नगर कॉलोनी में किया जो महावीर स्कूल में विश्राम हुआ। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा ने भी वार्ड नंबर 30 सिंधी कॉलोनी से लेकर नेहरूगंज तक जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें महिला मोर्चा सदस्यों ने वार्ड की नारी शक्ति को लाडली बहन योजना की जानकारी एवं लाभ बताए।

शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पुलिस का पैदल मार्च

इटारसी, देशबन्धु। आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये रेल्वे प्रोटेक्टसन स्पेशल फोर्स एवं सिटी पुलिस इटारसी ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त पैदल मार्च निकाला।

सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी इटारसी में गैरिज लाइन क्षेत्र, न्यास कॉलोनी, ओझा बस्ती के पास स, एमजीएम कॉलेज, ईरानी डेरा क्षेत्र, भारत टॉकीज, तालाब मोहल्ला, पत्ती बाजार, फल बाजार, श्री द्वारिकाधीश मंदिर, सराफा बाजार, नीमबाड़ा, जयस्तंभ, बस स्टैंड आदि क्षेत्रों का पैदल मार्च करते हुए निकले।

शांतिपूर्वक विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस और सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी से जुटे हैं और लगातार जांच, गश्त की जा रही है। एसपी डॉ. गुरु करण सिंह स्वयं मोर्चा संभाले हैं और पूरे जिले में रात के वक्त भी अचानक निरीक्षक करने पहुंच रहे हैं। इटारसी में एसडीओपी महेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरव बुंदेला एवं उनकी पूरी टीम सतर्क और सजग है।

कांग्रेस प्रत्याशी ने की नुक्कड़ सभा, कार्यकर्ताओं ने फलों से तोला

सोहागपुर, देशबन्धु। कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल ने आज घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क किया। वहीं मुख्य बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को फलों से तोला।

कांग्रेस प्रत्याशी ने जनता से समर्थन मांगते हुए कहा कि भाजपा विधायक की बात के जवाब में देते हुए कहा कि कांग्रेस के जीतने पर क्षेत्र का हर मतदाता विधायक होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक ने तो हर क्षेत्र बाबई, सेमरी, शोभापुर, सोहागपुर में दो-चार विधायक बना कर रखे हैं। उनकी मर्जी के बिना कोई काम नहीं होता। मेरे परिवार से और कुटुंब से जनपद अध्यक्ष मंडी अध्यक्ष जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य रहे हैं वही काम करते थे अन्य कोई दिखाई नहीं देता था। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा गरीब मजदूर किसान की लड़ाई लड़ी है, जेल जाने से भी पीछे नहीं रहा। इस दौरान उन्होंने भाजपा की कमियां गिनाने के साथ ही क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताईं।

पुष्पराज पटेल ने शनिवार को शोभापुर, रानी पिपरिया, भटगांव में जनसंपर्क किया और इस दौरान उन्हें बुजुर्ग महिलाओं और युवाओं का विशेष समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। नुक्कड़ सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी का शोभापुर में नागरिकों द्वारा केले से तुलादान किया गया। नगर अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी बाबई ब्लॉक के आंखमऊ गुर्जरवाड़ा बागरातवा मानेगांव और कोटगांव में जनसंपर्क करेंगे। वहीं ग्राम बागड़ा तवा में शाम 4 बजे नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।

निर्दलीय भी कर रहे जनसम्पर्क - कांग्रेस प्रत्याशी के साथ ही निर्दलीय भी अपना जनसंपर्क कर रहे हैं, सेमरी हरचंद के रहने वाले उमेश मित्तल गौ सेवा के सहारे और अपने सामाजिक कार्य को याद दिलाते हुए जनता से वोट मांग रहे हैं। नुक्कड़ सभा में पूर्व प्रत्याशी रणवीर सिंह पटेल, सचिन शर्मा गुल्ली भैया, महेश शुक्ला, गोविंद साहू, शेरू जैन, जीपी पटेल, बद्री शर्मा, बिलाल खान, निलेश राय, शैलेंद्र शाह, संजू शर्मा, जंजीर पटेल, बीडी सराठे, रमेश यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अनूठा प्रयास : नौकायन रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में विभिन्न नवाचारी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका नर्मदापुरम द्वारा अनूठा प्रयास करते हुए होमगार्ड के सिंह से नगर के पावन सेठानी घाट पर नौकायन रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और स्वीप नोडल सुजान सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीईओ ने कहा कि नव मतदाताओं के लिए विशेष अवसर है कि उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाएं और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर सभी ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन, जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकार कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान होमगार्ड एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने भी मतदान करने की शपथ ली।

युवाओं का मतदान संकल्प : उंगली पर लगी स्याही बनेगी प्रजातंत्र की गवाही

युवा नवमतदाताओं के लिये सारिका घारू का जागरूकता कार्यक्रम

इटारसी, देशबन्धु। पहला है मौका, नहीं होगा धोखा, उंगली पर स्याही, प्रजातंत्र की गवाही। इस प्रकार के संदेश देते कुल मतदाताओं का लगभग 4 प्रतिशत नवमतदाताओ का समूह वोट करने और वोट कराने का संकल्प ले रहा है। स्वीप आईकॉन सारिका घारू द्वारा नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में युवाओं ने नारा दिया कि दबेगी बटन ईवीएम की, तैयारी युवाओं की वोटिंग की। 17 नवंबर को मतदान में युवा लोकतंत्र की आवाज बनने उत्साहित हैं ।

सारिका ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में 9 लाख 40 हजार 069 मतदाता हैं जिनमें से 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग के नवीन युवा मतदाता 43 हजार 603 हैं, जो कि कुल मतदाताओं का 4. 64 प्रतिशत है। नर्मदापुरम में 39 वर्ष से कम आयुवर्ग के 53 प्रतिशत से अधिक युवा मतदाता हैं। युवा वर्ग प्रेरित करते हुये निवेदन किया कि 17 नवंबर को चुनाव में वे 100 प्रतिशत मतदान करें। इसके लिये अगर वे अपने मतदान केंद्र से बाहर कहीं अध्ययन या नौकरी कर रहे हैं तो मतदान करने आने के लिये आवश्यक तैयारी कर लें।

5 नवंबर से 9 नवंबर तक संचालित होगा मतदान सुविधा केंद्र

नर्मदापुरम, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण विधानसभा स्तर पर 5 नवंबर से प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही हर विधानसभा स्तर पर निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर डाक मतदान सुविधा केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। डाक मतदान सुविधा केंद्र 5 नवंबर से 9 नवंबर तक चलाएं जायेंगे। जिसमें प्रशिक्षण लेने वाले मतदान कर्मचारी अपनी विधानसभा के लिए और अन्य जिले में पदस्थ जिले के कर्मचारी भी मतदान कर सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा के प्रशिक्षण केंद्र पर चारों विधानसभा के लिए अलग अलग 4 मतदान सुविधा केंद्र रहेंगे। मतदान कर्मचारी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मतदान कर्मियों के मतदान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विधानसभाओं में पोस्टल बैलेट उपलब्ध करा दिया गए हैं। डाक मत पत्र से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी मतदान कर्मियों को जानकारी दी जाए। साथ ही डाक मतपत्र से मतदान प्रक्रिया का फ्लेक्स भी प्रशिक्षण स्थल पर चस्पा किए जाएं। ताकि मतदान में कोई परेशानी न हों। यह भी सुनिश्चित करें कि हर विधानसभा के अभ्यार्थी और उनके अभिकर्ता को यह जानकारी भी दी जाए कि उनकी विधानसभा के कर्मचारियों के मतदान के लिए अन्य तीन विधानसभा जिसमें भी उनकी ड्यूटी रहेंगी, वहां उनके द्वारा मतदान किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि डाकमत पत्र से मतदान के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। मतदान प्रक्रिया के बाद प्रत्येक दिन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतपेटी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जाकर उन्हें जमा कराया जाए। इसकी सूचना भी अभ्यर्थियों को दी जाएं। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री पंकज दुबे ने डाक मत से मतदान और उससे जुड़े आवश्यक दस्तावेजों के बारे में रिटर्निंग अधिकारियों को विस्तार से बताया गया। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

ग्राम पथरोटा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरुकता के लिए कार्यक्रम

इटारसी, देशबन्धु। पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इटारसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत ग्राम पथरौटा में ग्राम वासियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता लाने ग्राम सभा का आयोजन किया।

ग्राम सभा में पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक रघुनन्दन सिंह लोधी ने पथरौटा ग्राम की सरपंच सुश्री डॉली वल्लाभी, महिला एवं बाल विकास पर्यवेक्षक (नोडल अधिकारी) चेतना ढिबरे एवं पंचायत सचिव ओंकार सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उप महाप्रबंधक ने भारत के विकास में ग्राम एवं ग्रामवासियों के महत्व को बताया तथा भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रेरित किया। सभा में उपस्थित ग्रामवासियों एवं पंचायत के पदाधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सरपंच ने भी सभी ग्राम वासियों को जागरूक एवं सतर्क रहने की बात कही। कार्यक्रम में पावरग्रिड से प्रबंधक टी.श्रीनाथ, विपिन कुमार अभियंता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन श्रीकान्त सेन पावरग्रिड द्वारा किया गया।

सभा का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पाराशर की पुण्यतिथि पर आज होगा कार्यक्रम

इटारसी, देशबन्धु। सनाढ्य ब्राह्मण सभा के संरक्षक पं मुकेश पाराशर के पिताश्री एवं नर्मदांचल माटी के सपूत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नानकदास पाराशर की 5 नवंबर को 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सनाढ्य ब्राह्मण सभा के द्वारा शांतिधाम श्मशान घाट स्थित समाधि स्थल पर प्रात: 9:30 बजे पुष्पांजलि एवं मौन श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभा के प्रवक्ता दिलीप शर्मा ने बताया कि सभा के सदस्य स्वर्गीय पाराशर के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का स्मरण कर दो मिनट का मौन रख कर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर उनके परिवार जनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की उपस्थिति रहेगी।

रेलवे स्टेशन पर रेल नीर के अलावा बिक रहा था अनाधिकृत पानी

इटारसी, देशबन्धु। अवैध खानपान की रोकथाम के लिए रेलवे स्टेशन पर समय-समय पर अभियानों के बावजूद अवैध वेंडर्स या अनाधिकृत रूप से बिकने वाली सामग्री पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। जांच या निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लेने वाले अवैध खानपान के कारोबारी कुछ समय बाद पुन: ऐसी ही गतिविधि में लिप्त हो जाते हैं। आज आकस्मिक जांच में रेलवे की कमर्शियल टीम ने अनाधिकृत कंपनियों का मिनरल वाटर का बड़ा स्टाक बरामद किया।

आज रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान एवं मंडल वाणिज्य निरीक्षक ने आकस्मिक जांच की। इस दौरान टीम ने प्लेटफार्म पर बिक रहे अनाधिकृत मिनरल वाटर का बड़ा स्टॉक बरामद किया। यहां बिकने के लिए अधिकृत रेल नीर के अलावा अन्य कई कंपनियों का पानी बिक रहा था। टीम ने अपनी कार्रवाई के दौरान प्लेटफार्म से आठ पेटी से ज्यादा अनाधिकृत रूप से बिक रही पानी की बोतलें बरामद की हैं।

मुख्यमंत्री ने की ताबड़तोड़ सभाएं, बोले-

कांग्रेस के झांसे में मत आना

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर दिन ताबड़तोड़ सभाएं कर रहें हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, कमलनाथ ने सवा साल में मध्यप्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। वल्लभ भवन को भ्रष्टाचार और दलालों का अड्डा बना दिया था। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने प्रदेश में विकास की एक ईट भी नहीं लगाई है। मध्यप्रदेश का विकास केवल भाजपा सरकार ने ही किया है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा हैं तो वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश भी विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, और इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाना है। शनिवार को भी मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मनावर, गंधवानी, सरदारपुर, धार समेत इंदौर की चार विधानसभाओं में देर रात तक रोड शो कर कुल 10 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस की सरकार ने सवा साल में ही प्रदेश में चल रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। कमलनाथ ने संबल योजना बंद कर दी थी। बेटियों की शादी तो करवा दी, लेकिन उनका पैसा नहीं दिया। बड़े-बुजुर्गों के लिए हमने तीर्थ दर्शन योजना शुरू की थी, कांग्रेस ने बुजुर्गों की इस योजना को भी बंद कर दिया। इसके अलावा मेधावी छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर लैपटॉप दिया जाता था, वो भी बंद। बच्चों की साइकिलें बंद। इतना ही नहीं कमलनाथ तो बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के पैसे तक डकार गए। श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस के झांसे में मत आना नहीं तो कांग्रेसी सभी जनहित की योजनाओं पर ताला लगा देंगे। उन्होंने कहा कि, ये मेरा संकल्प है कि, मैं बहन-बेटी की जिंदगी में अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मैं बहनों का सगा भैया हूं और भांजे भांजियों का मामा हूं। श्री चौहान ने कहा कि, आने वाले पांच सालों में हर बहन को लखपति दीदी बनाना है। घर का कामकाज करते हुए हर बहन की आमदनी 10 हजार रूपए महीना करना है।

हर गरीब को बनाएंगे जमीन का मालिक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कोई भी गरीब कच्चे घर और टूटी टपरिया में नहीं रहेगा। हर कोई रहने की जमीन का मालिक होगा। गरीबों को पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाया जाएगा। घर छोटा होगा लेकिन पक्का होगा। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना में जिनके मकान रह गए हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बनाई गई है। चुनाव के बाद जिनके नाम रह गए हैं उनके नाम जोड़कर योजना का लाभ दिया जाएगा। इस धरती पर सबका अधिकार है और गरीबों को भी उनका अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा भाजपा का लक्ष्य है प्रदेश में हर परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ना है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने किया कांग्रेस की प्रचण्ड जीत का दावा

भाजपा को बताया जमाखोरों कालाबाजारियों की पार्टी

भोपाल, देशबन्धु। राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने भाजपा को जमाखोर, मुनाफाखोरों की पार्टी बताया है। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि किस तरह प्रदेश का किसान यूरिया खाद के लिए परेशान हो रहा है। असल में इसकी वजह यह है कि भाजपा ने सहकारी समितियों को कमजोर कर खाद बेचने का काम भाजपा के कार्यकर्ताओं की दुकानों को दे दिया है जो सत्ताधारी दल के संरक्षण में कालाबाजारी कर रहे हैं। श्री शुक्ला आज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरे मध्य प्रदेश में किसान बीज और खाद के लिए आंदोलन कर रहा है और सड़कों पर है।

श्री शुक्ला ने यहां दावा किया कि इन सब चीजों से मप्र की जनता त्रस्त हो चुकी है और इस चुनाव में 150 से अधिक सीटों से कांग्रेस की सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में मिले जनता के बहुमत को बदलकर इन्होंने जबरदस्ती भाजपा की सरकार थोपने का काम किया था। इस बार जनता इतना बहुमत देगी कि उनकी हिम्मत नहीं पड़ेगी की तोड़फोड़ करके सरकार बना सकें। श्री शुक्ला ने कहा कि जनता ने जिस तरह से कर्नाटक में जनादेश दिया कि यह तोड़फोड़ जोड़-तोड़ से बहुत दूर हो चुके हैं, वैसा ही मध्य प्रदेश में होने वाला है। कांग्रेस सांसद श्री शुक्ला ने भाजपा पर सरकारी एजेंसियों का उपयोग करके धनबल के जरिए विपक्ष को दबाने और धमकाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव से पहले घोषणा करते हैं, लेकिन उनको कभी पूरा नहीं करते हैं। जबकि हमारी सरकार बनी थी तो यहां के मुख्यमंत्री ने पहली कैबिनेट में किसानों का कर्ज माफ किया था।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

छग के मुख्यमंत्री ने सट्टे का खेल खेला

मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ कांग्रेस नेतृत्व के पैसा कलेक्टर थे

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि उनकी पार्टी शुरू से ही कहती आयी है कि महादेव एप्प स्कैंडल को छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार का समर्थन प्राप्त था, जिसके कारण छत्तीसगढ की कांग्रेस सरकार ने आज तक सही से इसकी जांच नहीं की। ईडी की जांच में यह खुलासा हो गया है कि कांग्रेस की बघेल सरकार का साइड बिजनेस ही बेटिंग था। श्री शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विकास को बेटिंग पर डाल दिया। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सत्ता में रहकर सट्टे का बड़ा खेल खेला। कल भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौकानें वाले तथ्य सामने आए है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि बेटिंग एप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नियमित भुगतान किया गया है और अब तक कुल 508 करोड रूपए दिए गए है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जहां कांग्रेस कांग्रेस की सरकार होती है वहां कांग्रेस नेतृत्व के लिए पैसा कलेक्टर ही मुख्यमंत्री बनते है। मध्यप्रदेश में 15 महीने रही कमलनाथ सरकार में मुख्यमंत्री के ओएसडी के यहां से 281 करोड़ रूपये बरामद होना इस बात का प्रमाण था की यहां की कमलनाथ कांग्रेस नेतृत्व के पैसा कलेक्टर थे।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और घोटाले एक सिक्के के दो पहलु है। ईडी ने पहले कहा था कि महादेव एप के जरिए एकत्र धनराशि रिश्वत के रूप में छत्तीसगढ में नेताओं और नौकरशाहों के बीच बांटी गयी थी। एजेंसी ने कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को भी भुगतान के तरीके और ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्म के साथ उनके संबंधों पर पूछताछ के लिए बुलाया था।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और रेल मंत्री ने किया मीडिया दिग्दिर्शिका का विमोचन

भाजपा की मीडिया टीम नवाचार के साथ काम कर रही : शर्मा

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश दुनिया में हमेशा अभिनव और नवाचार के लिए जानी जाती है। पार्टी का मध्यप्रदेश मीडिया विभाग लगातार नवाचार के साथ काम कर रहा है, आज उसी कड़ी में मीडिया विभाग ने विधानसभा चुनाव 2023 की दृष्टी से मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान तैयार की है। जिसमें पार्टी प्रत्याशियों की जानकारी के साथ भाजपा संगठन की जानकारी और केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों की जानकारी भी समाहित की गयी है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा और रेल मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने मीडिया विभाग की मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 का विमोचन करते हुए कही। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी मंचासीन थे। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रदेश अध्यक्ष और रेल मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव, अजय धवले, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगलकिशोर शर्मा, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, मीडिया पेनलिस्ट सचिन वर्मा, शिवम शुक्ला, श्रीमती गुंजन चौकसे, श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, श्रीमती मंजरी जैन, मीडिया विभाग के सदस्य सत्येन्द्र जैन उपस्थित थे।

मीडिया विभाग बधाई का पात्र : वैष्णव

रेल मंत्री और प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अभिनव प्रयोग के लिए जानी जाती है इसी कड़ी में मध्यप्रदेश भाजपा की मीडिया टीम ने मीडिया दिग्दिर्शिका विजय संकल्प अभियान 2023 का प्रकाशन किया है। इसके लिए मीडिया विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि बीते मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार के 15 महीने को छोड़ दिया जाएँ तो 18 वर्षों में इतने काम हुए है कि कांग्रेस के समय बीमारू कहा जाने वाला मध्यप्रदेश आज विकसित मध्यप्रदेश बन गया है।

अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे नेताओं के खिलाफ भाजपा ने की कार्रवाई

रुस्तम, शुक्ला, सिंह और श्रीवास्तव सहित 35 को पार्टी से निकाला

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी से बगावत कर चुनाव मैदान में उतरे 35 नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पार्टी ने पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, विधायक केदार शुक्ला, पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया, रसाल सिंह, ममता मीणा, केके श्रीवास्तव, माधव सिंह डाबर और संतोष जोशी सहित इन नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा से बागी होकर नया राजनीतिक दल बनाने वाले नारायण त्रिपाठी को पहले ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की ओर से जारी सूची के मुताबिक पार्टी ने श्योपुर- बिहारी सिंह सोलंकी, मुरैना- रूस्तम सिंह और राकेश सिंह गुर्जर, भिंड, अटेर- मुन्ना सिंह भदौरिया, भिंड- लहार- रसाल सिंह, गुना, चाचौड़ा- ममता मीणा, टीकमगढ़- केके श्रीवास्तव, छतरपुर, राजनगर- घासीराम पटेल मलहरा- करन लोधी, निवाड़ी- नंदराम कुशवाह, दमोह- शिवचरण पटेल, पन्ना, गुन्नौर (अजा)- अनीता बागरी सतना, चित्रकूट- सुभाष शर्मा डाली, रत्नाकर चतुर्वेदी, रैगांव (अजा)-रानी बागरी, सीधी- केदारनाथ शुक्ला, सिंगरौली-चंद्रप्रताप विश्वकर्मा, शहडोल- जयसिंहनगर (अजजा)- फूलवती, अनूपपुर- अनूपपुर (अजजा)- छोटे सिंह कटनी- मुडवारा- ज्योति दीक्षित और संतोष शुक्ला, कटनी- बड़वारा- गीता सिंह, छिंदवाड़ा- सौंसर- प्रदीप ठाकरे, नर्मदापुरम- भगवती चौरे, हरदा- सुरेंद्र जैन, मंधाता-शिवेंद्र तोमर, बुरहानपुर-नेपानगर (अजजा)- रतिलाल चिल्हात्रे बुरहानपुर- बुरहानपुर- हर्षवर्धन सिंह चौहान आलीराजपुर- आलीराजपुर (अजजा)- सुरेंद्र ठकराल आलीराजपुर-जोबट (अजजा)- माधव सिंह डाबर इंदौर- देपालपुर- राजेंद्र चौधरी आगर- सुसनेर- संतोष जोशी उज्जैन- महीदपुर-प्रताप आर्य उज्जैन- बड़नगर- कुलदीप बना नीमच- जावद-सुराना बाई।

शिवसेना ने भाजपा को समर्थन दिया

भोपाल, देशबन्धु। महाराष्ट्र की शिवसेना के मुख्य नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर मध्यप्रदेश शिवसेना इकाई ने भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की है।

शिवसेना मध्यवर्ती कार्यालय ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देते हुए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है। शिवसेना के मुख्य नेता व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई ने इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को पत्र भेजकर समर्थन देने की घोषणा की है।

मीणा ने भाजपा की सदस्यता ली

भोपाल, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर सेवा निवृत्त आरटीओ एवं मध्यप्रदेश सर्व मीणा समाज के अध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा ने समर्थकों के साथ केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष शनिवार को यहां पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जगदीश सिंह मीणा एवं समर्थकों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया।

श्री मीणा के साथ सरपंच शिवराज मीणा, पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र मीणा, पूर्व सरपंच राजेंद्र मीणा, पूर्व सरपंच कैलाश मीणा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य फूल सिंह मीणा, कैलाश मीणा, हनुमंत मीणा और मुरारीलाल मीणा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी एवं डॉ. दुर्गेश केसवानी भी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक सहित कांग्रेस के कई नेता कांग्रेस में शामिल

भोपाल, देशबन्धु। मुरेना जिले की अम्बाह विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक कमलेश सुमन, मुरैना के भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह तोमर, पोरसा भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष पाल बघेल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सरपंच भीकमसिंह बघेल, अम्बाह भाजपा मण्डल के महामंत्री तथा अनुसूचिज जाति मोर्चा के अध्यक्ष शंकरलाल सखवार ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के भोपाल स्थित निवास पर पहुंचकर कमलनाथ जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कमलनाथ ने सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलायी और कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। श्री कमलनाथ ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा की नीतियों और कुशासन से त्रस्त होकर इन नेताओं ने सच्चाई का साथ दिया है, सच्चाई को पहचाना है और अपनी निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

देवतालाब : नाव चाचा की पार लगेगी या भतीजे की!

रीवा, देशबन्धु। मऊगंज जिले की देवलालाब विस सीट दो वजह से चर्चा में हैं। एक तो यहां से मौजूदा विधानसभा अध्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं जो तीन बार से जीतते आ रहे हैं, लेकिन अब चौथी बार उनका सगा भतीजा ही कांग्रेस प्रत्याशी के रुप मे उन्हें कड़ी टक्कर दे रहा है। चर्चा की दूसरी वजह यही है। यानी भाजपा प्रत्याशी गिरीश गौतम का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पद्मेश गौतम से है। इन दोनों के अलावा यहां से सीमा जयवीर सिंह सपा से, अमर पटेल बसपा से और दिलीप सिंह गुड्डू आम आदमी पार्टी से उम्मीदवार है। चाचा-भतीजे के दिलचस्प मुकाबले के चलते अन्य प्रत्याशियों का रसूख जरा कम हो गया है, लेकिन जानकार कहते हैं कि सीमा जयवीर सिंह भी अच्छे खासे वोट हासिल कर सकती हैं।

जब हम इस इलाके का दौरा करने की तैयारी कर रहे थे, तब हमें अंदाजा नहीं था कि लोग इतनी साफगोई से बात करेंगे और क्षेत्र के अजेय माने जाने वाले लोकप्रिय नेता को आईना दिखाएंगे, मगर ऐसा हुआ। खीरी गांव में विकास मिश्रा ने खुलकर कहा कि भाजपा ने विकास नहीं किया इसलिए कांग्रेस आगे है। उन्होंने नलकूप देने को कहा था लेकिन नहीं दिया। रोड तक नहीं निकाल पाए इसलिए हम इस बार भाजपा को वोट नहीं देंगे। वैसे हम भाजपा के परंपरागत वोटर हैं, लेकिन इस बार नहीं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाये तब भी ये नहीं पसीजते । हमें घूस देकर काम करवाना पड़ता है। हमारे गांव में जलापूर्ति की सुविधा भी नहीं है।

रोहित चतुर्वेदी का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी पद्मेश ने जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में गिरीश गौतम के बेटे को हराया। इतना बड़ा नेता जब अपने बेटे को जिला पंचायत सदस्य नहीं बनवा पाया तो अपनी सीट कैसे बचा पायेगा। कांग्रेस के हाथ पद्मेश के रूप में तुरुप का इक्का लग गया है। फिर जनता भाजपा के 18 साल के शासन को लेकर भी नाराज़ है।

डॉ. अरुण तिवारी भी कहते हैं कि परिवर्तन निश्चित है। भले ही लोकसभा चुनाव में लोग भाजपा को वोट करें, लेकिन वे प्रदेश में सरकार बदलना चाहते हैं। अंकित चतुर्वेदी कहते हैं कि सीमा जयवीर सिंह पिछले चुनाव में बसपा से दूसरे नंबर पर थीं। तब कांग्रेस की सरकार बनते ही वे कांग्रेस में शामिल हो गईं। इस बार जब उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं मिली तो वे सपा उम्मीदवार बन गईं। कुछ वोट वे भी खींच सकती हैं लेकिन मुख्य मुकाबला चाचा-भतीजे के बीच ही है। डगडौआ नंबर 1 गांव में रविशंकर कुशवाहा ने बताया कि बड़े नेता होकर भी गिरीश गौतम काम नहीं कर पाए। शिव मंदिर, देवतालाब को भी बाबाओं से खाली नहीं करवा पाए। यहां पानी और सफाई की सुविधा नहीं है। पहली बार विधायक बने थे तो कहा था कि बाणसागर से पानी लाएंगे, लेकिन 15 साल के बाद भी पानी नहीं आया। धान की फसल सूख गई है, पंप नहीं चल रहा है।

वीरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान के लिए कुछ नहीं किया। दो हज़ार रुपए के लिए बैठे रहो। खाद की बोरी ही 15 सौ की मिल रही है। तेल भी महंगा है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी छह महीने पहले बनी है, मगर, अब तक चालू नहीं हुई। पानी दूसरे के बोर से लाते हैं। देवानंद कुशवाहा ने बताया कि चार किमी दूर से पानी लाते हैं। लाइट कम रहती है, सिंचाई नहीं हो पाती। जिस तरफ भी देखो परेशानी ही है। सरकारी मास्टर का बेरटा निजी स्कूल में पढ़ता है और सरकारी स्कूल के बच्चों को पढ़ना तक नहीं आता। जब जड़ ही मजबूत नहीं है तो फ्ता हरा कैसे होगा। उधर अनाज और किराना भी महंगा होता जा रहा है।

एक महिला छोटी बाई गुप्ता ने कहा कि लाड़ली बहना का पैसा मिल रहा है, लेकिन वोट वहीं देंगे, जहां गांव वाले देंगे। श्यामा बाई कुशवाहा ने कहा पानी तक शुद्ध नहीं मिल रहा है। भले ही एक हज़ार रुपए मिले या अनाज मिले, गरीब का कुछ आधार भी तो होना चाहिए। पन्नी गांव में कल्याण गुप्ता बताते हैं कि भाजपा को मुश्किल हो सकती है। कांटे की टक्कर है। उधर अमित जोगी ने कहा कि वे भाजपा के हैं और उसे ही जितायेगें। पहले भी भाजपा रीवा की आठों सीटें जीत चुकी है। पथरिया गांव के अभिशेष सिंह ने भी यही कहा कि गिरीश गौतम बेहतर स्थिति में है। लेकिन गोलू सिंह कहते हैं कि सीमा जयवीर सिंह ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। हालांकि कुछ बसपा का भी जोर है।

देवतालाब बड़ा गांव है। इसके नाम पर ही यह विधानसभा सीट है। यहाँ की बदहाली को एक नजर में पहचाना जा सकता है। न सड़कें हैं, न स्वच्छता है और न कोई और व्यवस्था। सुरेन्द्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि नल जल योजना के तहत चार टंकी बनायी गयीं लेकिन सब बंद हैं। ये देवस्थान है, यहां प्राचीन शिव मंदिर है, लेकिन कहीं सफाई नजर नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि सखरा ग्राम में विद्यालय भवन का पैसा निकाल लिया गया, लेकिन भवन नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि बहुत हो गया, जनता अब परिवर्तन चाहती है। रमाशंकर तिवारी और बुद्धसेन प्रजापति ने भी क्षेत्र की बदहाली के किस्से सुनाए और बदलाव के लिए तैयार रहने को कहा।

सिरमौर : राजकुमार को चुनौती देता गरीब आदिवासी

• रीवा से नरेंद्र कुमार मौर्य

रीवा देशबन्धु। रीवा जिले की सिरमौर विधानसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला है। यहाँ रीवा राजघराने के वारिस को एक गरीब आदिवासी चुनौती दे रहा है। हालांकि दूसरे उम्मीदवारों ने उसकी राह में कांटे बिछाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उल्लेखनीय है कि त्यौंथर से 2003 में राम गरीब कोल बसपा के टिकट पर चुने गये थे। पिछले साल वे कांग्रेस में आ गए और इस साल उन्हें सिरमौर से टिकट भी मिल गई। जबकि दिव्यराज सिंह यहाँ से दो बार से विधायक हैं और भाजपा ने उन्हें तीसरी बार फिर मौका दिया है। इनके अलावा सपा से लक्ष्मण तिवारी और बसपा से बीडी पांडे भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

पड़री गांव में चेतराम कहते हैं कि इस बार जनता बदलाव चाहती है। एक महिला कुसुम साकेत कहती है कि भाजपा विधायक के राज में कुछ नहीं मिला। लाड़ली बहना का भी पैसा नहीं मिला। आवास योजना के लिए फार्म भरा, लेकिन हमारा फार्म छांट दिया। उन्होंने बताया के पानी की बड़ी समस्या है। बहुत दूर से पानी लाना पड़ता है। ये हैंडपंप तक तो लगा नहीं पाए और विकास की बात करते हैं। कोई कितने ही फोन लगाए विधायक सुनते ही नहीं है।

इसी गांव के ही कमलेश कोल ने बताया कि यहाँ कांग्रेस-भाजपा और बसपा में मुकाबला है। वो कहते हैं कि आदिवासी जिसको वोट देगा, वही जीतेगा। कुसुम बताती हैं कि आदिवासी और हरिजन एक ही जगह वोट करेंगे। पश्चिम टोला, पड़री गांव के दीप नारायण तिवारी ने भी कहा कि 18 साल भाजपा का शासन देख लिया, अब सरकार बदलना चाहिए। इलाके के लोग ऐसा ही सोच रहे हैं। इसलिए राम गरीब कोल की स्थिति ठीक है।

सिरमौर बड़ा गांव है। देखते ही साफ हो जाता है कि क्षेत्र में जमीनी स्तर काम नहीं हुआ है। पिछड़ापन ही पहचान बन गई है। राम सिया साकेत कहते हैं कि लोग बदलाव चाहते हैं, हो सकता है कांग्रेस आ जाये। हालांकि बसपा भी बहुत पीछे नहीं है। पांडे जी भी लोकप्रिय नेता है। उधर नागेंद्र सिंह सदहना कहते है कि भाजपा का ही बोलबाला है। वे कहते हैं कि विरोध कितना ही हो जाए पर आखिर में भाजपा ही जीतती है। रामबल ने बताया कि यहां तो कांग्रेस का दबदबा है। लोग सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। भाजपा राज में पानी की समस्या हल नहीं हुई। दूरदराज से पानी लाना पड़ता है। सड़कें नहीं बनीं और बिजली भी कम मिलती है। बातें बड़ी-बड़ी करवा लो, मगर काम छोटे भी नहीं कर पाते है इसलिए लोग नाराज़ हैं और बदलाव का मन बना चुके हैं।

राशिरमण मिश्रा ने भी यही बात कही। वे कहते है माहौल कोल के पक्ष में है, मगर लड़ाई में बसपा भी है। हो सकता है कि दिव्यराज सिंह तीसरे नम्बर पर चले जायें। बैकुण्ठपुर गांव के महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि सपा-बसपा ब्राह्मण वोट काटेंगे, इससे भाजपा को नुकसान होगा और आदिवासी व दलित वोट कांग्रेस में जाएगा। इससे कांग्रेस की संभावनाएं अच्छी है। उनके अनुसार क्षेत्र में परिवर्तन की लहर है।

इस बार कांग्रेस मुकाबले में है लेकिन ऐसा भी समय रहा है जब दिग्गज नेता श्रीनिवास तिवारी और उनके परिवार को लगातार हार का सामना करना पड़ा। 2003 में मनगवां से हारने, के बाद श्रीनिवास तिवारी 2008 में सिरमौर आए और यहाँ उन्हें बसपा के राजकुमार अमेलिया ने हरा दिया। फिर 2013 में उनके नाती विवेक तिवारी और 2018 में उनकी पत्नी अरुणा तिवारी को दिव्यराज सिंह ने हरा दिया और यहाँ भाजपा काबिज हो गई। यह भी कम रोचक बात नहीं है कि रामलखन शर्मा 1993 और 2003 में यहां से माकपा उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए थे। इससे पहले वे 1990 में जनता दल के टिकट पर भी चुनाव जीते थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।